हरिभूमि
रायपुर भूमि





# महाकुंभ स्पेशल में यात्रियों को मिलेगी चिकित्सा सुविधा
## मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम में 24 घंटे मौजूद रहेगा स्टाफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महाकुंभ को स्वस्थ और सुरक्षित महाकुंभ बनाने के लिए रेलवे की स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों को चिकित्सा सुविधा भी मिलेगी। ट्रेन से लेकर स्टेशन तक मेडिकल टीम साथ रहेगी, जो आपातकालीन स्थिति में लोगों की मदद करेगी। बता दें कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को 7 स्पेशल ट्रेन महाकुंभ को लेकर मिली है, जिसमें सफर करने लोगों में भी उत्साह दिखाई दे रहा है। इस ट्रेन में यात्रियों को आवश्यक सुविधाएं भी मिलेंगी, जिससे 16 घंटे का सफर आरामदायक रहेगा। यात्रियों के लिए ट्रेन में पेंट्रीकार भी दिया गया है। स्पेशल ट्रेन के स्लीपर कोच में यात्रियों की संख्या अधिक रहेगी। इसे ध्यान में ▶▶|शेष पेज 13 पर

- ट्रेन से लेकर स्टेशन तक यात्रियों को मिलेगी चिकित्सा सुविधा तबीयत बिगड़ने पर मिलेगी दवाइयां

### स्टेशन में बने ऑब्जर्वेशन रूम

महाकुंभ 2025 आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए रेलवे ने आपात स्थित से निपटने और यात्रियों को जरूरी चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम बनाये हैं। इस बारे में प्रयागराज रेल मण्डल के चीफ पीआरओ शशि कान्त ने बताया कि रेलवे ने प्रयागराज जंक्शन, प्रयाग, सूबेदारगंज, नैनी और छिवकी स्टेशन पर ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए हैं। इन ऑब्जर्वेशन रूम में डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ 24 घंटे मौजूद रहेंगे, जो 8 घंटे की शिफ्ट में ड्यूटी करेंगे। इसमें हर ऑब्जर्वेशन रूम के लिए 15 स्टाफ नर्स, 12 फार्मासिस्ट, 12 हॉस्पिटल अटेंडेंट और 15 हाउस कीपिंग असिस्टेंट नियुक्त किये गये हैं। रेलवे हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ड्यूटी के हिसाब से ऑब्जर्वेशन रूम में अपनी सेवाएं देंगे।

### प्राथमिक चिकित्सा की सभी सुविधाएं उपलब्ध

महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को त्वरित और ऊच्च गुणवत्तायुक्त उपचार प्रदान करने के लिए इन ऑब्जर्वेशन रूम में सभी जरूरी उपकरण और दवाइयां भी उपलब्ध रहेंगी। रेलवे के इन ऑब्जर्वेशन रूम में ईसीजी मशीन, डिफ़िब्रिलेटर, ऑक्सीजन कन्सेन्ट्रेटर, ग्लूकोमीटर जैसे प्राथमिक चिकित्सा के मेडिकल उपकरण मौजूद रहेंगे। सर्दी के मौसम, भीड़ और अधिक चलने से हार्ट पेशेंट, साइनस, डायबटीज के पेशेंट को होने वाली समस्याओं का तत्काल प्राथमिक इलाज किया जा सकेगा।

## खबर संक्षेप

### सवा करोड़ की जमीन की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार



रायपुर। जमीन बिक्री करने एक करोड़ 30 लाख की ठगी करने के आरोप में पुरानी बस्ती पुलिस ने डीडीनगर निवासी आशीष बाजपेयी को गिरफ्तार किया है। आशीष, उसकी पत्नी तथा बेटी के खिलाफ मयूर निर्मल ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। मयूर ने पुलिस को बताया कि आशीष ने भाठागांव स्थित रेखा गोयल की जमीन को अपनी बताकर बेचने के लिए इकरारनामा कर उनसे 1 करोड़ 30 लाख रुपए एडवांस लेकर ठगी की है।

### पैसे नहीं देने पर मारपीट हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार



रायपुर। खर्च के लिए पैसे नहीं देने पर एक युवक की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश तथा उसके साथी को गिरफ्तार किया है। दीपक साहू की शिकायत पर पुलिस ने कोतवाली के हिस्ट्रीशीटर बदमाश अमीन खान तथा उसके साथी नियाज खान को गिरफ्तार किया है। दीपक ने पुलिस को बताया कि अमीन ने उससे खर्च के लिए पैसों की मांग की। इंकार करने पर अमीन तथा उसके साथी ने दीपक के साथ मारपीट की।

### आंबेडकर अस्पताल का हाल, सौ सीसीटीवी कैमरों में हाई रेजोल्यूशन का अभाव, चालीस नए लगने वाले हैं


# खुफिया निगाहों में मोतियाबिंद, तस्वीर धुंधली न सुराग मिल पाता और न चोरी रुक रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुरक्षा के मद्देनजर आंबेडकर अस्पताल में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की क्वालिटी इतनी घटिया है कि आने वाले फूटेज देखकर किसी को पहचान पाना मुश्किल है। काफी समय पहले लगे इन कैमरों में हाई रोजोल्यूशन का अभाव है, जिससे मिलने वाली धुंधली तस्वीर किसी घटना के इंवेस्टीगेशन में मददगार साबित नहीं हो रही है। अस्पताल में विभिन्न स्थानों में अभी सौ कैमरे लगे हुए हैं और चालीस नए लगने वाले हैं।

दो दिन पहले आंबेडकर अस्पताल के प्रसूति वार्ड से महिला का बच्चा चोरी हो गया। पुलिस की सक्रियता से बच्चा बरामद हो गया, मगर इसके लिए उसे खासी मशक्कत करनी पड़ी। अस्पताल के कई कैमरों में बच्चा चोर महिला कैद हुई, मगर एकाध फूटेज ही पहचान के लिए मददगार साबित हुआ और शेष फूटेज बेकार साबित हुए। सुरक्षा के नाम पर अस्पताल में काफी समय से सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, मगर उनकी क्वालिटी इतनी बेकार है कि फूटेज देखकर किसी की शिनाख्त करना मुश्किल है। इसके साथ ही कैमरे लगाने के लिए स्थान चयन में भी महज औपचारिकता ही पूरी की गई है। कई कैमरों में आवाजाही करने वालों की तस्वीर ही कैद नहीं हो पाती। इसी तरह कुछ स्थान पर लगे कैमरे केवल संख्या बढ़ाने का काम कर रहे हैं। अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में पंजीयन काउंटर से लेकर विभिन्न विभागों की ओपीडी और वार्डों में अभी करीब सौ कैमरे लगाए हैं, जो मामलों की जांच में बड़े मददगार नहीं हैं। कोलकाता कालेज की घटना के बाद चालीस कैमरे और खरीदे गए हैं, जिन्हें लगाने की तैयारी की जा रही है। इनकी गुणवत्ता का पता आने वाले दिनों में चल पाएगा।

### जांच में धुंधली तस्वीरों से नहीं मिल रही मदद, बच्चा चोरी मामले में हुई दिक्कत



### लगातार हो रही घटनाएं


अस्पताल में मरीजों के साथ चिकित्सकीय स्टाफ का सामान चोरी होने की घटनाएं लगातार हो रही हैं। अस्पताल के भीतर से मोबाइल, पर्स, बैग के साथ बाइक पर भी हाथ साफ किया जा रहा है। पुलिस इन मामलों में अपराध तो दर्ज कर रही है, मगर अस्पताल के विभिन्न स्थानों पर लगे कैमरे चोरों का सुराग देने में कोई खास मददगार साबित नहीं हो रहे हैं।

### मुख्य द्वार पर जरूरी

सुरक्षा के लिहाज से अस्पताल में प्रवेश और निकास वाले मुख्य द्वार पर सीसीटीवी कैमरे की काफी आवश्यकता है। अस्पताल के साथ लोगों की आवाजाही कालेज वाले गेट से भी होती है। अस्पताल परिसर में किसी घटना के बाद भागने वाले इन्हीं रास्तों से गुजरते हैं, जहां अभी सीसीटीवी कैमरे का अभाव है। नए कैमरे लगाने वाले स्थलों पर इन्हें भी चिन्हित किए जाने की जरूरत है।

### जरूरत के हिसाब से प्रस्ताव बनाएंगे

आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष सोनकर ने कहा कि पुराने कैमरे में हाई रेजोल्यूशन की कमी है। आने वाले समय और आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। एग्जिट और एंट्री पाइंट पर सुरक्षा के लिहाज से कैमरे लगाए जाएंगे।




### रीव्यू की तैयारी में

कोतवाली सीएसपी योगेश साहू ने कहा कि लगाए गए सीसीटीवी स्थलों की भी समीक्षा की जाएगी। बच्चा चोरी की घटना और पूर्व में भेजे गए प्रस्ताव के आधार पर पुलिस अधिकारी अस्पताल प्रबंधन के साथ मिलकर सुरक्षा व्यवस्था का रीव्यू किया जाएगा, ताकि आवश्यकता होने पर वह उपयोगी साबित हो।

## आंबेडकर अस्पताल में बदली ओपीडी की टाइमिंग अब डेढ़ बजे तक इलाज




रायपुर। ठंड के मौसम में सुबह की ओपीडी में मरीजों की दिक्कत पर हरिभूमि की खबर का बड़ा असर हुआ है। आंबेडकर अस्पताल प्रबंधन ने अपनी ओपीडी टाइमिंग में अस्थायी रूप से बदलाव कर दिया है। अब मरीजों को सुबह साढ़े आठ से डेढ़ बजे तक पंजीयन के साथ उपचार की सुविधा मिलेगी। पूर्व में यह ओपीडी का संचालन सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक होता था।

- सुबह 8.30 से दोपहर 1.30 बजे तक मिलेगी मरीजों को पंजीयन की सुविधा

ठंड के मौसम में सुबह आठ बजे बीमारी की जांच और उपचार के लिए दूर-दराज के मरीजों का सरकारी अस्पताल पहुंचना काफी परेशानी भरा होता है। इसका असर सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या पर भी पड़ रहा है। मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आंबेडकर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष सोनकर ने ओपीडी टाइमिंग में बदलाव का आदेश जारी किया है। सोमवार को जारी हुए आदेश के अनुसार ओपीडी में आने वाले मरीजों के लिए रोगी पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) का कार्य प्रातः 8:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक अस्थायी रूप से किया जाएगा। अब तक मरीजों को पंजीयन और जांच की सुविधा सुबह आठ से दोपहर एक बजे तक मिलती थी। इस दौरान अस्पताल में आपात चिकित्सा सेवा भी यथावत रूप से जारी रहेगी।

### अन्य अस्पतालों में भी लागू होगा

सूत्रों के अनुसार ठंड के मौसम के हिसाब से ओपीडी की टाइमिंग में बदलाव का आदेश अन्य अस्पतालों में भी जल्द ही लागू होने की संभावना है। इस संबंध में जिला स्तर पर शीघ्र आदेश जारी किए जाने की संभावना है। ठंड का प्रकोप अभी राज्य के उत्तरी हिस्से में अधिक है, इस हिसाब से वहां भी अस्थायी रूप से ओपीडी के समय में आंशिक बदलाव किया जा सकता है।

# प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट की जगह शासकीय शिक्षकों को नीट-जेईई कोचिंग का जिम्मा, नहीं मिल रहे छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के 20 शासकीय विद्यालयों में चल रही नीट और जेईई की कोचिंग क्लासेज को छात्र नहीं मिल रहे हैं। पूर्णतः निशुल्क होने के बाद भी यहां विद्यार्थी नहीं आ रहे हैं। दरअसल, पिछले शैक्षणिक सत्र में राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 11वीं-12वीं के विद्यार्थियों के लिए निशुल्क कोचिंग योजना प्रारंभ की गई थी। इसके अंतर्गत 11वीं और 12वीं के छात्रों को प्रोजेक्टर के माध्यम से उनके विद्यालयों में कोचिंग प्रदान की जा रही थी। ऑनलाइन होने के साथ ही यह द्वि-पक्षीय संवाद पर आधारित था। अर्थात विद्यार्थी ऑनलाइन प्रश्न भी पूछ सकते थे।

- बीते सत्र में 11वीं-12वीं के छात्रों के लिए प्रारंभ की गई थी नीट-जेईई कोचिंग

राज्य सरकार ने इसके लिए मेडिकल और इंजीनियरिंग कोचिंग प्रदान करने वाली निजी संस्था एलन संग समझौता किया था। एलन के विषय विशेषज्ञों द्वारा ही छात्रों को कोचिंग प्रदान की जा रही थी। पूर्व में कोचिंग संस्था द्वारा अपने संस्थान के कैंपस से ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जाती थी। अब कलेक्टरेट परिसर के मल्टीलेवल पार्किंग के पांचवें फ्लोर में स्टूडियो सेटअप किया गया है। यहां से शिक्षक ऑनलाइन कक्षाएं लेते हैं।

### एलन संग हुआ था समझौता, अब शासकीय विद्यालय के शिक्षक ही दे रहे हैं कोचिंग



### नहीं पहुंचा एक भी छात्र

जिले के 20 शासकीय विद्यालय में छात्रों को यह निशुल्क सुविधा प्रदान की जा रही है। जिन विद्यालयों में कोचिंग कक्षाएं संचालित हैं, उन विद्यालय के छात्रों के अतिरिक्त समीपस्थ विद्यालय के विद्यार्थी भी कोचिंग में शामिल होने आ सकते हैं। शहर में जेआर दानी और आरडी तिवारी स्वामी आत्मानंद विद्यालय में यह सुविधा छात्रों को दी गई है। उपस्थिति के आंकड़ों के मुताबिक, यहां दूसरे विद्यालयों से एक भी विद्यार्थी ऑनलाइन कोचिंग क्लास में शामिल होने नहीं पहुंच रहा है।

### समय भी कारण

बीते वर्ष छात्रों के लिए कोचिंग का समय दोपहर 4.30 से 6 बजे तक रखा गया था। इस वक्त में छात्रों की स्कूली कक्षाएं समान्यतः समाप्त हो चुकी होती हैं। वर्तमान में ऑनलाइन कोचिंग का समय दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक है। इस समय में समान्यतः छात्रों की कक्षाएं संचालित होती हैं। बड़ी संख्या में ऐसे छात्र होते हैं, जो अपनी कक्षाएं छोड़कर कोचिंग में जाना पसंद नहीं करते हैं। समय संबंधित कारणों के चलते भी कोचिंग कक्षाएं खाली जा रही हैं। एक शासकीय विद्यालय के प्राचार्य ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि शासन द्वारा तय किया गया समय अव्यवहारिक है। स्कूलों को अपना कोर्स भी पूर्ण कराना होता है। छात्र भी कोर्स पूर्ण करने कोचिंग के स्थान पर नियमित कक्षाओं में शामिल होने को प्राथमिकता देते हैं।

## पत्रकार की हत्या के आरोपी की फर्म पर जीएसटी का शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के आरोपी सुरेश चंद्राकर की फर्म पर अब जीएसटी का शिकंजा भी कसने लगा है। राज्य वाणिज्यिक कर विभाग ने बीजापुर जिले में स्थित सड़क निर्माण करने वाली फर्म मेसर्स सुरेश चंद्राकर के परिसरों पर विगत 27 दिसंबर को निरीक्षण किया। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि फर्म ने विगत वित्तीय वर्षों में 2 करोड़ से अधिक की अपात्र इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा किया है। वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा इस मामले में विस्तृत जांच की जा रही है। राज्य वाणिज्यिक ▶▶|शेष पेज 13 पर

- मामला 2 करोड़ से अधिक का अपात्र इनपुट टैक्स क्रेडिट

*तीन दिन बढ़ती ठंड, फिर विक्षोभ का प्रभाव*

# मकर संक्रांति में इस बार ठंड कम चल रहा उतार-चढ़ाव का दौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौसम में हो रहे उतार-चढ़ाव के दौर में इस बार मकर संक्रांति में ठंड कम रहने की संभावना है। अभी तीन दिन बढ़ती ठंड महसूस होगी, इसके बाद आने वाले पश्चिमी विक्षोभ से फिर रात का तापमान ऊपर की ओर खिसकता जाएगा। जनवरी के पहले पखवाड़े में ठंड का लंबा दौर रहने की उम्मीद काफी कम है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक जनवरी की शुरुआत ठंड के उतार-चढ़ाव के साथ हुई, जो अभी भी समय-समय पर आने वाले ▶▶|शेष पेज 13 पर



### रायपुर में 14 डिग्री

पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम तापमान 12 से बढ़कर 14 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। उत्तर-पूर्वी हवा के प्रभाव से इसमें गिरावट आने और पारा 11-12 डिग्री तक आने के आसार हैं। अंबिकापुर और पेंड्रा का तापमान 10 और 7 डिग्री तक हो चुका है, जिसमें भी दो से तीन डिग्री की कमी आने का अनुमान है।

# सायनाइड किलर ने जिन लोगों से रुपए लिए, अब उनकी तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पैसों की बारिश कराने कछुआ झरन कर तंत्र-मंत्र का झांसा देकर अभनपुर, नवा रायपुर में दो लोगों की सायनाइड देकर हत्या करने वाले सुखवंत को धमतरी, रूद्री पुलिस रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। पुलिस को शक है कि सुखवंत ने जिन लोगों से झांसा देकर पैसे लिए थे, उनमें से ज्यादतर लोगों की हत्या कर दी है। इसी संबंध में पुलिस सुखवंत से पूछताछ करने रिमांड पर लेने की बात कह रही है।

नवा रायापुर तथा अभनपुर में हंसाराम साहू तथा नरेंद्र साहू की 27-28 नवंबर की दरमियानी रात संदिग्ध परिस्थिति ▶▶|शेष पेज 13 पर

### रुपए देने वाले ज्यादातर लोगों की हत्या की आशंका




### रायपुर पुलिस की निशानदेही पर गिरफ्तार

क्राइम डीएसपी संजय सिंह के मुताबिक रूद्री में हंसाराम तथा नरेंद्र के साथी वीरेंद्र की हत्या की जानकारी मिली। इसके बाद धमतरी पुलिस को सुखवंत के बारे में जानकारी दी। सुखवंत धमतरी पुलिस को एक माह तक पूछताछ में गुमराह करता रहा। इसके बाद पुलिस ने वीरेंद्र से मनोवैज्ञानिक तरीके से ▶▶|शेष पेज 13 पर

### देनदारों को मारने की आशंका

पुलिस के अनुसार सुखवंत ने कई लोगों को कछुआ झरन कर पैसों की बारिश करने तंत्र-मंत्र करने का झांसा देकर ठगी का शिकार बनाया है। सुखवंत के संपर्क में आकर और किन लोगों ने पैसा दिया है, धमतरी पुलिस इसकी जानकारी जुटाने की बात कह रही है। पुलिस को आशंका है, सुखवंत ने जिन लोगों से पैसे लिए हैं, उनके द्वारा पैसे मांगे जाने पर उन लोगों की ▶▶|शेष पेज 13 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)


7 जनवरी
भक्तिन माता
राजिम जयंती
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
पवन साहू
प्रदेश अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ
राष्ट्रीय सदस्य, अ.भा. तैलिक साहू महासभा
संदीप साहू
विधायक, कसडोल
राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष, अ.भा. तैलिक साहू महासभा
कामत साहू
दिलीप साहू
सतीश साहू
धन्नू साहू
टहल सिंह साहू
प्रदेश अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ
विनीत : छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ

खबर संक्षेप



## शौण्डिक समाज का सम्मेलन 11 से, सीएम को किया आमंत्रित

**रायपुर।** अखिल भारतीय शौण्डिक संघ की ओर से विधानसभा रोड स्थित रिसॉर्ट में दो दिवसीय 11 से 12 जनवरी तक समाज का भव्य सम्मेलन होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। शौण्डिक समाज का यह सम्मेलन समाज की एकता, समृद्धि और योगदान पर केंद्रित होगा। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल, मॉरिशस से भी सजातीय बंधु भाग लेने आ रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय शौण्डिक संघ के सभापति प्रो. रामअवतार महतो करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथियों में क्षेत्र संघचालक आरएसएस डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना और मंत्री रामविचार नेताम एवं रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे। शाम 3.30 बजे के सत्र में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और अतिविशिष्ट अतिथि मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल कार्यक्रम में भाग लेंगे। कुछ दिन पहले प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता, श्याम किशोर गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता और सुरेश प्रसाद गुप्ता आदि ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर इस सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया था।

## निधन

### पुष्पा बाजपेई



**रायपुर।** जोरा निवासी पुष्पा बाजपेई का 6 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सेंट जेकब चर्च जोरा के ग्रेवयार्ड में किया गया। वे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. हेमलेट बाजपेई की पत्नी, अनिल बाजपेई, स्व. राजेंद्र बाजपेई, अशोक बाजपेई और सुनील बाजपेई की माता और सेंट पॉल चर्च के पोस्टरेट कमेटी के सदस्य नीरज राय की नानी थीं।

# प्रशासक ने संभाली निगम की कमान, ट्रैफिक समस्या सुधारने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

जिले के कलेक्टर गौरव सिंह ने सोमवार को नगर निगम रायपुर में प्रशासक के तौर पर पदभार संभालते ही शहर की बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था के साथ सड़कों की सफाई व्यवस्था पर फोकस किया। कलेक्टर ने निगम अधिकारियों की बैठक लेकर निगम के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने के साथ सड़कों की सफाई कराने के निर्देश दिए।

निगम में महापौर सहित पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो गया। शासन ने निगम का चुनाव होने तक यहां प्रशासक बिठा दिया है। यहां जिला कलेक्टर को प्रशासक के तौर पर बिठाया गया है। कलेक्टर ने प्रशासक का पदभार संभालते ही निगम के अधिकारियों की बैठक ली।

इस बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल, राजेंद्र गुप्ता, विनोद पांडे समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने राजधानी की सफाई व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि शहर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें और नियमित रूप से सफाई कराएं। गार्डन को भी स्वच्छ बनाए रखते हुए वहां लगे ओपन जिम के उपकरणों के रख-रखाव को बेहतर करें, ताकि लोगों को इसका फायदा मिले।

## कलेक्टर ने बैठक लेकर निगम के विभिन्न कार्यों की समीक्षा की

### सड़कों की मरम्मत- सफाई व ट्रैफिक को लेकर दिए निर्देश

प्रशासक के तौर पर कलेक्टर ने बैठक में शहर की सड़कों की मरम्मत, सफाई और ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जहां भी सड़कों की मरम्मत, सफाई और ट्रैफिक समस्या दिखाई दे, उन स्थानों पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उसे बेहतर बनाकर समस्या का निराकरण करें। उन्होंने घर-घर कचरा कलेक्शन, पब्लिक टॉयलेट, नाली-नालों की सफाई को लेकर भी अधिकारियों को निर्देश दिए।



### 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वालों की सूची तैयार करने कहा

कलेक्टर ने बैठक में पेंशन योजना की जानकारी भी ली। इस दौरान उन्होंने 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बुजुर्गों की सूची तैयार करने के साथ उनके समय-सीमा के भीतर फॉर्म भराए जाने के निर्देश भी दिए, ताकि उन्हें योजना से लाभान्वित किया जाए।

# बारों में छापा, लिमिट से अधिक मात्रा में स्टॉक, कहीं दूसरे राज्य की तो कहीं होलोग्राम बगैर मिली शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आबकारी विभाग ने सोमवार को रायपुर क्षेत्र में संचालित 5 बारों में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान इन बारों में कहीं लिमिट से अधिक मात्रा में स्टॉक मिला, तो कहीं बिना होलोग्राम चस्पा, तो कहीं दूसरे राज्य की शराब मिली। इस कार्रवाई के दौरान विभाग ने भरी मात्रा में विभिन्न ब्रांड की शराब व बीयर जब्त करने के साथ एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। विभागीय अधिकारी के अनुसार इन सभी बार संचालकों के विरुद्ध अपराध भी पंजीद्ध किया गया है।

आबकारी विभाग की बड़े रेंस्टोरेंट के साथ होटल व छोटे-बड़े बार संचालकों को लाइसेंस देने की लाई गई योजना के बाद अब इन बारों की निगरानी करने के लिए जांच टीम बनाई गई है। यह टीम अब लाइसेंस लेने और नहीं लेने वाले सभी बारों का औचक निरीक्षण करेगी। इसकी शुरुआत रायपुर के 5 बारों से की गई है। इसके तहत विनार बार, शीतल इंटरनेशनल बार, होटल शेमरॉक ग्रीन, होटल ग्रैंड नीलम तथा जिलेट बार में औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान टीम ने विनार बार से 7 पेटी विदेशी मदिरा माल्ट में बार होलोग्राम चस्पा नहीं पाया गया। इसी प्रकार शीतल इंटरनेशनल बार में 61 बडवाइजर प्रीमियम बीयर, 29 बडवाइजर मैग्नम बीयर, 43 बडवाइजर प्रीमियम केन बीयर एवं 6 बडवाईर मैग्नम केन बीयर जब्त किया गया। जब्त बीयर में बार होलोग्राम चस्पा भी नहीं मिला। इन दोनों बार के संचालकों को लाइसेंस शर्त 4 ग का उल्लंघन पाए जाने पर नोटिस दिया गया है।





### करेंगे निरीक्षण-कार्रवाई

जिले में होटल, बार, रेस्टोरेंट व ढाबा का लगातार निरीक्षण किया जाएगा। इस दौरान जहां भी नियम विरुद्ध तरीके से शराब पीलाते या स्टॉक मिलेगा, उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
*- रामकृष्ण मिश्रा, उपायुक्त आबकारी विभाग रायपुर*

### ग्रैंड नीलम-जिलेट बार में नियम विरुद्ध परोसी जा रही थी शराब

विभागीय टीम को ग्रैंड नीलम बार में निरीक्षण के दौरान बिना बार होलोग्राम की 64 बोतल स्प्रिट और 115 बोतल विदेशी शराब माल्ट बरामद किया। यह शराब बिना परमिट के बार में रखी गई थी। यही नहीं, बार में परमिट शराब भी सिर्फ 26 दिसंबर2024 तक भरा पाया गया। इस तरह इस बार में विभाग की जगह दूसरे दुकानों की शराब परोसी जा रही थी। इसी प्रकार जिलेट बार में भी नियम विरुद्ध 2-2 बार रूम व स्टॉक रूम का संचालन किया जा रहा था। इस तरह बार संचालक को भी नोटिस जारी किया है।

### शेमरॉक ग्रीन से लिमिट से अधिक स्टॉक एवं हरियाणा की शराब जब्त

सेरीखेड़ी स्थित होटल शेमरॉक ग्रीन में निरीक्षण के दौरान टीम ने लिमिट स्टॉक से अधिक मात्रा में शराब मिली। इसके अलावा होटल में लोगों को हरियाणा राज्य की शराब भी परोसी जा रही थी। टीम ने इस होटल से बार के परमिट व स्कंध पंजी के मिलान में 13 बोतल 300 मि.ली. जैगरमास्टर, 1 बोतल 300 मि.ली. ब्लैक एंड व्हाईट, 1 बोतल 540 मि.ली. ग्रे गूस वोदका, 1 बोतल 360 मि.ली. केमिनो टकिला, 1 बोतल 300 मि.ली. एंजल हैवन जिन का अंतर मिला। इसके साथ ही हरियाणा प्रांत की शराब भी मिली। विभाग ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 34(1) (क), 59क एवं 36 के अंतर्गत प्रकरण बनाया है, साथ ही इस दौरान मौके से शैकल वोद्दार नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

# शेयर में निवेश का झांसा देकर पौन करोड़ की ठगी, राजस्थान के पांच जालसाज गिरफ्तार

जालसाजों ने स्क्रैप कारोबारी को बनाया था ठगी का शिकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्क्रैप कारोबारी से शेयर बाजार तथा इक्विटी पर निवेश कराने का झांसा देकर 77 लाख की ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने राजस्थान के पांच जालसाजों को गिरफ्तार किया है। जालसाजों ने कारोबारी से किस्तों में रकम आहरण कर ठगी का शिकार बनाया। जालसाजों के खिलाफ कारोबारी ने वर्ष 2023 में ठगी की शिकायत दर्ज कराई है।

कारोबारी अतुल बंसल की शिकायत पर पुलिस ने अजमेर तथा जयपुर के रहने वाले सुरेश गुर्जर, अभिषेक जैन, ओमप्रकाश सेन, सांवरलाल बृजेश कुमार पटेल को रेंज साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन साइबर ठगों को उनके अकाउंट नंबर तथा मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। अतुल ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी पहचान टेलीग्राम एप के माध्यम से सम्यक जैन से हुई। सम्यक ने उसे शेयर मार्केट और इक्विटी पर निवेश करने पर भारी मुनाफा होने का झांसा दिया।

### दोस्त से उधार लेकर पैसे दिए

कारोबारी के अनुसार जालसाजों के फर्जी एप्लिकेशन के माध्यम से रकम निवेश करने पर उसे शुरुआत में लाभ भी मिला। लाभ मिलने पर अतुल ने अपनी जमा पूंजी 73 लाख रुपए जालसाजों के अकाउंट में धीरे-धीरे कर ट्रांसफर कर दी। पैसे कम पड़ने पर अतुल ने अपने दोस्त दीपक से साढ़े चार लाख रुपए उधार लेकर जालसाजों के अकाउंट में ट्रांसफर करा दिया। बाद में पैसा मांगने पर जालसाज सम्यक ने कारोबारी को नुकसान होने का झांसा देकर उनका फोन उठाना बंद कर दिया। इस पर कारोबारी को अपने साथ ठगी का एहसास हुआ।

## पेज 11 के शेष ...

### महाकुंभ स्पेशल में...

रखते हुए ट्रेनों में चिकित्सा सुविधा दी गई है। जानकारी के मुताबिक चिकित्सा टीम अपने साथ आवश्यक दवाएं साथ लेकर चलेगी। टीटीई के जरिए यात्री सुविधा का लाभ ले सकेंगे। इसके अलावा प्रयागराज रेल मंल ने महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे स्टेशनों पर मेडिकल ऑब्जर्वेशन रूम स्थापित किए गये हैं। इन ऑब्जर्वेशन रूम में 24 घंटे विशेष चिकित्सा सुविधाएं प्रदान किए जाने की व्यवस्था है, ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित और प्रभावी चिकित्सा सेवा प्रदान की जा सके। अधिक गंभीर स्थिति में एंबुलेस की मदद से पेशेंट को संबंधित रेलवे या शहर के मेडिकल हॉस्पिटल में पहुंचाया जा सकेगा।

### मकर संक्रांति में इस...

पश्चिमी विक्षोभ की वजह से जारी है। पिछले दो दिन से न्यूनतम तापमान बढ़ते दौर में रहा, जिससे ठंड कम हुई। मध्य इलाके में गर्मी महसूस हुई, तो सरगुजा संभाग में शीतलहर की स्थिति टल गई है। अब पुनः दो दिन ठंड की वापसी होने की उम्मीद बन गई है, क्योंकि हवा की दिशा में बदलाव होने के आसार बन रहे हैं। शुष्क हवा से मंगल, बुध और गुरुवार को तापमान में में दो से तीन डिग्री की गिरावट होगी। इसके बाद पुनः आने वाला पश्चिमी विक्षोभ तापमान को ऊपर की ओर ले जाएगा। 11 जनवरी से आने वाले व्यवधान की वजह से तापमान ऊपर की ओर जाएगा और इसका असर तीन से चार दिन रहने के आसार हैं।

### पत्रकार की हत्या के...

कर विभाग की जांच में पाया गया है कि फर्म द्वारा विगत वर्षों में पात्रता से अधिक आईटीसी दावों की पहचान की गई है। वाहनों और कपड़ों जैसे अपात्र वस्तुओं पर आईटीसी का दावा किया गया जो जीएसटी प्रावधानों के खिलाफ है। व्यावसायिक स्थल पर आवश्यक रिकॉर्ड और चालान अधूरे पाए गए हैं। सीमेंट और सरिया के क्रय दिखाकर बड़ी राशि का इनपुट टैक्स क्रेडिट का दावा किया गया है, उस अनुपात में बिटूमीन क्रय नहीं दिखाया है। विक्रेता ने इन विसंगतियों को स्वीकार करते हुए 30 दिसंबर 2024 को 30 लाख रूपये टैक्स का प्रारंभिक भुगतान किया है। अन्य भुगतान दस्तावेजों के सत्यापन के बाद भी लंबित हैं। विभाग द्वारा जीएसटी रिटर्न और बैंक विवरणों के मिलान सहित रिकॉर्ड की विस्तृत जांच की जा रही है, जिससे अंतिम देयता निर्धारित की जा सके।

### सायनाइड किलर ने...

में मौत हो गई थी। दोनों की लाश के पास तंत्र-मंत्र करने के सामान पाए गए थे। राखी तथा नवा रायपुर पुलिस को मृतकों के मोबाइल से सुखवंत के बात करने की जानकारी मिली थी। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने संदेह के आधार पर सुखवंत को राखी थाना तलब कर पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया था, लेकिन पुलिस ने उसे संदेह के दायरे में रखा था। रायपुर पुलिस रिमांड लेने की तैयारी में : धमतरी पुलिस के अनुसार पूछताछ में सुखवंत ने कई तरह की कहानी गढ़ रहा है। उसके तीन और लोगों की हत्या का अपराध कबूलने पर दुर्ग में जेसीबी से खुदाई भी कराई गई, लेकिन कुछ और नहीं मिला। सुखवंत से पूछताछ में रायपुर पुलिस को कई और महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है। इसके साथ ही सुखवंत के संपर्क में रायपुर तथा आस-पास के और कितने लोग जुड़े थे। पुलिस को इस बात की जानकारी मिलने की उम्मीद है।

### रायपुर पुलिस की ...

पूछताछ की, तो उसने हत्या का अपराध कबूल करने के बाद दुर्ग तथा महाराष्ट्र में हत्या करने का अपराध कबूल किया। वीरेंद्र और जिन लोगों की हत्या करने की जानकारी पुलिस को दी है, पुलिस ने घटना स्थल पहुंचकर जेसीबी से खुदाई भी करवाई, लेकिन पुलिस को बताए स्थान पर लाश नहीं मिली।

### देनदारों को मारने...

हत्या कर दी होगी। इसके लिए पुलिस सुखवंत के संपर्क में रहने वाले लोगों की गुमशुदगी के बारे में जानकारी जुटाने की बात कह रही है।

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

# सप्ताह में 2 दिन कार्यालय में बैठेंगे अधिकारी कर्मचारी, ड्यूटी पर 10 बजे से पहले पहुंचना होगा

**रायपुर।** जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी सहित कर्मचारियों को अब सप्ताह में दो दिन सोमवार एवं गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक अपने कार्यालय में बैठना अनिवार्य होगा। वहीं सभी को ड्यूटी टाइम के अनुसार सुबह 10 बजे से पहले कार्यालय पहुंचना अनिवार्य होगा। इस निर्देश का पालन नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर कलेक्टर की गाज गिर सकती है।

कलेक्टर गौरव सिंह ने सोमवार को रेडक्रास सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने सभी कार्यालयों के अधिकारियों को ड्यूटी टाइम के अनुसार सुबह 10 बजे से पहले कार्यालय पहुंचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वे अपने कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों को भी समय पर उपस्थित होने के लिए निर्देश दें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि सप्ताह में 2 दिन सोमवार एवं गुरुवार को अधिकारी और कर्मचारी सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहें। इसके अलावा कलेक्टर ने जिला स्तरीय अधिकारियों को कार्यालय पहुंचते ही निर्धारित समय में ग्रुप में उपस्थिति का फोटो व मैसेज भेजने के भी निर्देश दिए हैं।



### पटवारियों के कामकाज की भी होगी समीक्षा

कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा के लिए भी दिन और समय निर्धारित किया है। इसके तहत हर महीने पटवारियों के कामकाज की भी समीक्षा होगी। यह समीक्षा महीने के अंतिम सप्ताह के गुरुवार को शाम 4.30 बजे बैठक आयोजित कर ली जाएगी। उन्होंने इसके लिए अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी को फार्मेट तैयार करने निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार महीने के अंतिम सप्ताह में कृषि विभाग की बुधवार, महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग की मंगलवार, पंचायत विभाग की शुक्रवार शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागों की बैठक शनिवार को होगी।

# बृहन्महाराष्ट्र मंडल का राष्ट्रीय अधिवेशन 10 से

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में 10 जनवरी से होने वाले बृहन्महाराष्ट्र मंडल के तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। इस अधिवेशन में देशभर के 50 से अधिक महाराष्ट्र मंडलों के लगभग 400 प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस राष्ट्रीय अधिवेशन का विधिवत उद्घाटन समारोह के विशेष अतिथि विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू और अनुज शर्मा होंगे। इनके अलावा विशेष अतिथि आरएसएस के क्षेत्रीय संघचालक पूर्णेंदु सक्सेना होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल को आमंत्रित किया गया है। हालांकि वे काफी व्यस्त होने के कारण तीन दिवसीय अधिवेशन में किसी और दिन आने पर राजी हैं। पहले ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अधिवेशन का मुख्य अतिथि बनने की सहमति दे दी है। सांसद श्री अग्रवाल से महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले, सचिव चेतन दंडवते, बृहन्महाराष्ट्र मंडल के उपाध्यक्ष शेखर अमीन व सचेतक रविंद्र ठेंगड़ी ने मुलाकात कर उनसे राष्ट्रीय अधिवेशन की अध्यक्षता करने का अनुरोध किया।



## भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली



**रायपुर।** कुशालपुर स्थित मां दुर्गा मंदिर से रविवार शाम भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसे बस्तर राजपरिवार के कमलचंद्र भंजदेव ने ध्वज दिखाकर रवाना किया। मंदिर के संस्थापक रजत ठाकुर ने बताया कि यह यात्रा मंदिर के प्रतिष्ठा महोत्सव के वर्षों की पूर्णता एवं हिंदुत्व शक्ति जागरण के उद्देश्य से निकाली गई। शोभायात्रा में रामायण के केंवट प्रसंग की जीवंत झांकी ने मन मोह लिया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।







**न्यायालय पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर (छ.ग.)**
**(तहसील कार्यालय परिसर, शास्त्री चौक, जी.ई.रोड, रायपुर)**

**-:: ईश्तहार ::-**

क्रमांक/ 799/अ.वि.अ./पं. सा. न्या./ 2024
रायपुर दिनांक 03/01/2025
प्रकरण क्रमांक 202501111000143 / (ब-113(1) वर्ष 2024-25

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राम अवतार देवांगन पिता श्री महेश राम देवांगन प्रबंध न्यासी देवांगन चैरिटेबल ट्रस्ट, निवासी के/22, वार्ड क्र. 63 पार्षद कार्यालय के सामने भाठागांव, रायपुर (छ.ग.) के द्वारा "देवांगन चैरिटेबल ट्रस्ट" पता के/22, वार्ड क्र. 63 पार्षद कार्यालय के सामने भाठागांव, रायपुर (छ.ग.) का छत्तीसगढ़ लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 04 (2) के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई सम्पत्ति को सार्वजनिक न्यास/पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए है :-

-:: अनुसूची ::-
(पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता और सम्पत्ति का विवरण)

(1) **पब्लिक ट्रस्ट का नाम एवं पता** :- "देवांगन चैरिटेबल ट्रस्ट" पता- के/22, वार्ड क्र. 63 पार्षद कार्यालय के सामने भाठागांव. रायपुर (छ.ग.) (2) **चल सम्पत्ति** :- राशि रूपये 1,72,333/- (अक्षरी एक लाख बहत्तर हजार तीन सौ तैंतीस रूपये) (3) **अचल सम्पत्ति** :- निरंक

यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त ट्रस्ट अथवा सम्पत्ति में अभिरूचि हो और ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वे इस सूचना प्रकाशन की एक माह की अवधि में इस न्यायालय मे अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियाँ प्रस्तुत करें और पेशी के दिन कार्यालय समय में स्वतः या अपने अधिवक्ता अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होवे निर्धारित तिथि के पश्चात प्रस्तुत किए गए आक्षेपों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 03/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
(नंदकुमार चौबे)
पंजीयक, सार्वजनिक न्यास, एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.), रायपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

(वाके मौजा ग्राम टिकरापारा, प.ह.नं. 70, रा.नि.मं. रायपुर 11 टिकरापारा तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसका खाता नंबर 516 खसरा नंबर 137/48 रकबा- 800 वर्गफुट है जिस पर 150 वर्गफुट मे साधारण पक्का मकान लेथबाथ सहित एवं 450 वर्गफुट कच्चा मकान निर्मित है को विक्रय किये जाने के संबंध में।)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं. कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री ईश्वर डेकाटे पिता- श्री चिंतामन डेकाटे पता न्यू सुभाष नगर टिकरापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 137/48 रकबा - 800 वर्गफुट भूमि को भूस्वामीयों से मेरे पक्षकार ने सौदा तय कर विक्रय इकरारनामा का निष्पादन कर क्रय करने का सौदा कर अग्रिम राशि प्रदान किया जा चुका है बैनामा पंजीयन कार्यावाही शेष है।

अतः उपरोक्त संबध मे जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय, अर्द्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में किसी भी प्रकार से कोई भी उजर या दावा आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज सहित आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा व अवैध व शुन्य माना जावेगा। म्याद अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का विक्रय प्रतिफल की शेष राशि अदा कर बैनामा पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग. दिनांक 05/01/2024

**एन. के. पटेल,**
**आशीष तिवारी (अधिवक्तागण )**
**हरिभूमि प्रेस के पीछे छत्तीसगढ नगर टिकरापारा रायपुर**
**मो. नंबर 94255-10595, 8319942960**

**न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव**
**मामलेकी श्रेणीः राजस्व**

संदर्भः- जिला- रायपुर तहसील-धरसीवा प.ह.न. - 00007 सिलियारी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440715200016

**ईश्तहार**

तहसील धरसीवा के प.ह.न. 00007 के अंतर्गत ग्राम सिलियारी के वर्तमान भूमिस्वामी राजेन्द्र प्रसाद घनश्याम नरेन्द्र कुमार कुंतीबाई पिता/पति-संध्याबाई सत्याबाई पि टिकाराम पता-सादेह, गिरिजाबाई बेवा टीकाराम पिता/पति-पता-सादेह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 897(0.3720) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता अंजूबाई सोनी पिता/पति स्व. घनश्याम पता- वार्ड नंबर-5 मरार पारा दुर्ग छ.ग., सूरजसोनी - पिता/पति स्व. घनश्याम सोनी पता- वार्ड नंबर- 5 मरार पारा दुर्ग छ.ग. राहुल सोनी पिता/पति स्व. घनश्याम सोनी पता- वार्ड नंबर- 5 मरार पारा दुर्ग छ.ग., नमिता सोनी पिता/पति स्व. घनश्याम सोनी पता- वार्ड नंबर- 5 मरार पारा दुर्ग छ.ग. के नाम पर पंजीयन/ फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षर कर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 23/01/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार उप तहसील सारागांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता /आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/12/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**RAJENDRA CHANDRAKAR**
**तहसील सारागांव**




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भोपाल में छत्तीसगढ़ के 4 बाल वैज्ञानिकों ने लहराया परचम

**रायपुर।** भोपाल मध्यप्रदेश स्थित रविंद्र भवन में 3 से 6 जनवरी तक 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य से चयनित 16 बाल वैज्ञानिकों ने भाग लिया, जिसमें से राष्ट्रीय स्तर पर 20 उत्कृष्ट परियोजनाओं का चयन किया गया। इनमें से छत्तीसगढ़ राज्य से चार उत्कृष्ट परियोजनाओं का चयन किया गया। बाल वैज्ञानिक भूमिका पद्माकर कोंडागांव (कार्बन फुटप्रिंट ) शिखा देवांगन रायपुर (ग्रैंन प्रोटेक्शन पिल) , प्रतिमा प्रजापति सूरजपुर (मेकिंग हार्ड बोर्ड फ्रॉम मेज ) एवं दिव्य वीर सिंह बिलासपुर ( द गार्जियन स्टिक ) की परियोजनाओं को उत्कृष्ट पाया गया। उनका चयन उत्कृष्ट 20 परियोजनाओं में हुआ है। इस अवसर पर डॉ. जेके राय, राज्य समन्वयक, डॉ. एमके राय राज्य शैक्षिक समन्वयक, जगदीश्वर राव, सुशील कुमार पटेल, डॉ निशा सिंह एवं अपर्णा तिवारी उपस्थित रहे।

### बजट पर सचिव स्तरीय चर्चा अब 14 को

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में वर्ष 2025-25 का बजट बनाने की प्रक्रिया के बीच विभिन्न स्तरों पर बजट चर्चा का दौर जारी है। इसी बीच सचिव स्तरीय बजट चर्चा के लिए 15 तारीख को जो बैठक रखी गई थी, अब वह 14 जनवरी को होगी। वित्त विभाग ने इस संबंध में सूचना जारी की है।

**इन विभागों की होगी चर्चा**

संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 14 जनवरी को होने वाली सचिव स्तरीय बजट चर्चा में इन विभागों के बजट पर चर्चा की जाएगी। समाज कल्याण विभाग, धार्मिक न्या एवं धर्मस्व विभाग, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, खनिज साधन एवं जनसंपर्क विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग शामिल हैं। इन विभागों की बजट चर्चा सुबह 11 बजे से शुरु होकर शाम 5 बजे तक चलेगी। हर विभाग के लिए आधे घंटे का समय रखा गया है।

### सनातन एकता यात्रा 7 को

**रायपुर।** ऐतिहासिक दूधाधारी मठ से हिन्दु राज परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा हर बार की तरह इस साल भी सनातन एकता यात्रा निकाली जाएगी। रैली मोतीबाग से निकलेगी जो सदर बाजार व सिटी कोतवाली होते हुए बुढ़ेश्वर मंदिर जाएगी। मंदिर में ही कार्यक्रम का समापान किया जाएगा। हिन्दु राज परिषद के महामंत्री राजीव त्रिपाठी ने बताया कि इसके बाद मंदिर परिसर में विधी विधान के साथ भगवान की पूजा अर्चना की जाएगी।

### जिला रेडक्रास की समान्य सभा स्थगित

**रायपुर।** मंगलवार को जिला रेडक्रॉस की सामान्य सभा को स्थगित कर दिया है। इसमें समिति के पांच सदस्यों का चयन निर्वाचन के माध्यम से किया जाना था। इसके साथ ही 26 अक्टूबर को आयोजित सामान्य सभा की बैठक की कार्यवाही को भी शून्य किया गया है।

# मेयर, पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए आरक्षण आज


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की तारीख की घोषणा भले ही अभी तक नहीं हो पाई है, लेकिन राज्य में इस चुनाव के लिए प्रक्रिया महत्वपूर्ण दौर में पहुंच रही है। निकाय चुनावों के लिए पहले वार्डों का आरक्षण किया गया। अब मंगलवार 7 जनवरी को मेयर, पालिकाध्यक्ष और नगर पंचायत अध्यक्ष के पदों के लिए आरक्षण किया जाएगा। पूरे प्रदेश के लिए आरक्षण प्रक्रिया रायपुर के साइंस कॉलेज स्थित ऑडिटोरियम में होगी। इससे पहले एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण पहले ही तय किया जा चुका है।

## रायपुर के साइंस कॉलेज ऑडिटोरियम में होगी प्रक्रिया

### आरक्षण की कार्यवाही देख सकता है कोई भी

रायपुर के साइंस कॉलेज स्थित ऑडिटोरियम में होने वाली आरक्षण की प्रक्रिया के दौरान कोई भी व्यक्ति जो इस प्रक्रिया को देखना चाहे वह शामिल हो सकता है। नगरीय निकायों में आम निर्वाचन के लिए नगर निगमों में महापौर तथा नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों में अध्यक्ष के पदों के लिए आरक्षण प्रक्रिया कल 7 जनवरी को होगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पूर्व में इसके लिए 27 दिसम्बर 2024 की तिथि निर्धारित की गई थी। अपरिहार्य कारणों से 27 दिसम्बर को होने वाली आरक्षण की कार्यवाही को स्थगित कर इसके लिए अब 7 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई थी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 7 जनवरी को सवेरे साढ़े दस बजे से आरक्षण की प्रक्रिया संपादित की जाएगी।





### मेयर के लिए मतपत्र सफेद, पार्षद का गुलाबी

छत्तीसगढ़ में इस बार होने वाले नगरीय निकायों के चुनावों में मतपत्रों का उपयोग किया जाएगा। अब से पहले के वर्षों में यह चुनाव ईवीएम के माध्यम से कराया जाता रहा है। यह प्रक्रिया दरअसल इसलिए बदली गई है कि सरकार की कोशिश है कि नगरीय निकायों के साथ पंचायतों के चुनाव एक साथ कराए जाएं। पंचायतों में पहले भी मतपत्रों से चुनाव होता रहा है। इस बदलाव के लिए राज्य सरकार ने विधानसभा से विधेयक पारित कर नए नियम बनाए है। अब मेयर का चुनाव के लिए जो मतपत्र जारी होगा वह सफेद रंग का होगा। जबकि पार्षदों का चुनाव गुलाबी रंग के मतपत्र से किया जाएगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में द्वारा जारी निर्देश में मतपत्रों की छपाई स्थानीय स्तर पर करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

### ऐसे हो सकता है आरक्षण

पिछली बार नगर निगम और नगर पालिकाओं में अप्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव हुआ था। उसके लिए आरक्षण पर ध्यान नहीं दिया गया था। रायपुर की सीट अभी अनारक्षित है, इस बार ओबीसी या महिला सामान्य होने की चर्चा है। दुर्ग अभी अनारक्षित है, इस बार अनारक्षित महिला या ओबीसी की चर्चा, बिलासपुर अभी अनारक्षित है, इस बार ओबीसी की चर्चा, चिरमिरी अभी अनारक्षित महिला है, इस बार ओबीसी हो सकती है। रायगढ़ अभी एससी महिला है, इस बार एससी हो सकती है। अंबिकापुर अभी एसटी है, इस बार एसटी महिला हो सकती है। कोरबा अभी ओबीसी वर्ग के पास है, इस बार सामान्य वर्ग की चर्चा है। धमतरी अभी ओबीसी है, इस बार सामान्य वर्ग को मौका मिल सकता है। राजनांदगांव अभी ओबीसी महिला वर्ग है, इस बार सामान्य को मौका मिल सकता है।

## सात जिलों में धान बेचने वाले किसानों की संख्या एक लाख से अधिक

# अब तक 20 लाख टन धान की खरीदी किसानों को 22 हजार करोड़ का भुगतान

**बस्तर संभाग के जिलों में धान बेचने वाले किसानों की संख्या कम**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ वर्ष 2024-25 के लिए 14 नवंबर 2024 से शुरू हुई धान खरीदी के दौरान अब तक राज्यभर में 20 लाख से अधिक किसान अपना धान बेच चुके हैं। राज्य में इस सीजन में धान बेचने के लिए 27.78 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, यानी अभी तक करीब 7 लाख किसान धान बेचने नहीं आए हैं। इस बीच राज्य के सात जिले ऐसे हैं, जहां धान बेचने वाले किसानों की संख्या एक लाख से अधिक है। वहीं दूसरी ओर बस्तर संभाग के जिलों में जहां धान का उत्पादन कम होता है, वहां पांच जिलों में धान बेचने वाले किसानों की संख्या हजारों में हैं।

राज्य में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर इस सीजन में 160 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी संभावित है। इस खरीदी के लिए राज्यभर में 2739 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। राज्य के सभी 33 जिलों में 14 नवंबर 2024 से धान खरीदी जारी है। अब तक धान बेचने वाले किसानों की संख्या 20 लाख तक पहुंची है। धान खरीदी की व्यवस्था में ये प्रावधान है कि किसानों को एक से लेकर तीन टोकन दिए जाते हैं, छोटे किसान एक ही टोकन हासिल कर पूरा धान बेचते हैं, जबकि बड़े किसान दो या तीन बार में धान बेचते हैं।

### मैदानी इलाकों के जिलों में जमकर धान खरीदी



### इन जिलों में धान बेचने वाले एक लाख से ज्यादा

राज्य के मैदानी इलाकों में इस सीजन में धान का बंपर उत्पादन हुआ है। लिहाजा इन मैदानी इलाकों के जिलों में धान की आवक भी काफी हो रही है। राज्य के सात जिले ऐसे हैं, जहां अब तक एक लाख से अधिक किसान धान बेच चुके हैं। इन जिलों में बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद और रायपुर शामिल है।

### किसानों को 22 हजार करोड़ का भुगतान

अब तक लगभग 102 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। धान खरीदी के एवज में 20 लाख किसानों को बैंक लिकिंग व्यवस्था के तहत 22 हजार 864 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। इसके साथ ही खरीदी केंद्रों से धान का उठाव भी तेजी से किया जा रहा है। अब तक कुल धान खरीदी का 78 प्रतिशत धान के उठाव के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है, इसके एवज में 46.47 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव कर लिया गया है।

### इन जिलों में धान बेचने वाले 11 हजार से अधिक नहीं

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के मामले में अभी बस्तर संभाग के जिले पिछड़े हुए हैं। इसके पीछे दो वजहें महत्वपूर्ण हैं। पहली यह कि बस्तर संभाग के जिलों में धान का उत्पादन मैदानी इलाकों के मुकाबले कम होता है। दूसरी वजह, मैदानी इलाकों के मुकाबले बस्तर संभाग में धान की कटाई देर से होने के कारण किसानों का धान बिक्री के लिए आने में विलंब हुआ है। राज्य के जिन जिलों में सबसे कम किसानों ने अब तक धान बेचा है, उनमें बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और सुकमा शामिल हैं। इन जिलों में से किसी भी जिले में 11 हजार से अधिक किसानों ने धान नहीं बेचा है। राज्य में 31 जनवरी तक धान खरीदी होनी है।

# स्वदेश दर्शन योजना के तहत दो सौ करोड़ की योजनाओं का दिया प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से मुलाकात कर राज्य में पर्यटन विकास की दो बड़ी योजनाओं के प्रस्ताव सौंपे। स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत महाप्रभु वल्लभाचार्य यज्ञ कुंड परिसर, चंपारण्य के सौंदर्यीकरण और भोरमदेव कॉरिडोर जिला कबीरधाम की परियोजनाओं के लगभग 200 करोड़ रुपये के प्रस्ताव भारत सरकार को सौंपे गए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार राज्य की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को संरक्षित कर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इन परियोजनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ पर्यटन को एक नई पहचान और दिशा मिलेगी। केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने इन योजनाओं की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार को इनके क्रियान्वयन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव और छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य उपस्थित थे।



### महाप्रभु वल्लभाचार्य यज्ञ कुंड परिसर

प्रस्ताव में महाप्रभु वल्लभाचार्य यज्ञ कुंड परिसर, चंपारण्य में परिसर का सौंदर्यीकरण, प्रवेश द्वार, तालाब ब्यूटीफिकेशन, पार्किंग एरिया, महाप्रभु वल्लभाचार्य की भव्य प्रतिमा, म्यूजियम, कन्वेंशन सेंटर, भागवत कथा एवं प्रवचन हॉल, बच्चों के लिए गार्डन, कैफेटेरिया, सड़क निर्माण, लैंडस्कैपिंग, सोवेनियर शॉप, पेयजल और पब्लिक टॉयलेट जैसी बुनियादी सुविधाओं का विकास प्रस्तावित है।

### भोरमदेव मंदिर परिसर का विकास

भोरमदेव कॉरिडोर परियोजना के अंतर्गत भोरमदेव मंदिर परिसर का विकास, सौंदर्यीकरण, पर्यटक सूचना केंद्र, शिव प्लाजा, झील और सरोदा डैम का सौंदर्यीकरण, बच्चों के लिए पार्क, गेस्ट हाउस, लाइब्रेरी, म्यूजियम, भंडारा भवन, मेला ग्राउंड, प्रवेश द्वार और पार्किंग का निर्माण शामिल है। इसके अतिरिक्त छेरकी महल, मड़वा महल और रामचूआ मंदिर का सौंदर्यीकरण तथा जल क्रीड़ा के लिए घाट निर्माण का भी प्रस्ताव है।

**संजय श्रीवास्तव बोले**

# कांग्रेस ने मरने के बाद भी किया है पत्रकार चंद्राकर का बहिष्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने कहा, कांग्रेस ने पत्रकार स्व. मुकेश चंद्रकार का जीवित रहते और मृत्यु के बाद भी बहिष्कार किया है। 29 अप्रैल, 2024 को कांग्रेस द्वारा बाकायदा जिला कांग्रेस कमेटी जिला बीजापुर के लेटरपैड में पत्र निकाल कर दिवंगत पत्रकार पर झूठे आरोप लगाकर सार्वजनिक रूप से उन्हें अपमानित कर उनका बहिष्कार करने का ऐलान किया था।



श्री श्रीवास्तव ने सोमवार को एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा, 4 जनवरी को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी जगदलपुर में थे। उसके बावजूद ये दोनों नेता स्व. मुकेश चंद्रकार की अंतिम यात्रा में शामिल नहीं हुए, न ही कांग्रेस का कोई बड़ा नेता उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुआ। श्री श्रीवास्तव ने कहा, इससे भी अधिक शर्मनाक और क्या हो सकता है कि एक तरफ बस्तर गमगीन था, दूसरी ओर कांग्रेस जश्न मना रही थी। बस्तर में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज खुद को लड्डुओं से तुलवा रहे थे, आतिशबाजी करवा रहे थे, ढोल-नगाड़े बजवा रहे थे, खुद पर फूलों की बारिश करवा रहे थे, नारेबाजी हो रही थी। कांग्रेस में मानो कांग्रेस नेता द्वारा कांग्रेस द्वारा बहिष्कृत पत्रकार स्व. मुकेश चंद्रकार की हत्या के बाद जश्न का माहौल नजर आ रहा था।

# विशेष पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के बाद 1 जनवरी की अर्हता तिथि में सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अंतिम मतदाता सूची की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंतिम प्रकाशन की फोटोरहित मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। आम नागरिक मतदान केन्द्रवार मतदाता सूची डाउनलोड कर इसका अवलोकन कर सकते हैं।



### संशोधन के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद अब राज्य में मतदाताओं की कुल संख्या दो करोड़ 11 लाख पांच हजार 391 हो गई है। इनमें एक करोड़ चार लाख 27 हजार 842 पुरुष मतदाता, एक करोड़ छह लाख 76 हजार 821 महिला मतदाता और 728 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। राज्य में निर्वाचकों का लिंगानुपात 1024 है। उन्होंने बताया कि 18-19 आयु वर्ग समूह में चार लाख 52 हजार 134 मतदाता पंजीकृत हैं। राज्य के 90 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 24 हजार 371 मतदान केन्द्र हैं। उन्होंने बताया कि वोटर हेल्पलाइन एप या वेबसाइट के माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ने, विलोपन, संशोधन एवं स्थानातंरण के लिए घर बैठे ऑनलाइन आवेदन करने की सुविधा है। संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पीएस ध्रुव, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अपूर्व प्रियेश टोप्पो और सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रुपेश वर्मा भी राजनीतिक दलों के साथ बैठक में मौजूद थे।

# कांग्रेस नेताओं की घर वापसी को लेकर समिति की कुछ नामों पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी को कांग्रेस में वापसी के लिए आए नेताओं के आवेदनों पर समिति ने विचार शुरू कर दिया है। दिल्ली में इसे लेकर दो बैठकें हो चुकी हैं। प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने समिति के सदस्यों के साथ नामों पर विचार करने के बाद कुछ नामों पर सहमति जताई है। वहीं समिति ने जोगी कांग्रेस के प्रस्ताव और पूर्व विधायक बृहस्पत सिंह के नामों पर अभी सहमति नहीं दी है।

समिति की पहली बैठक दिल्ली में दिसंबर के अंत में हुई थी, इसमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने सभी आवेदनों को प्रदेश प्रभारी को सौंप दिया था। दिल्ली में सोमवार को इसे लेकर एक बैठक हुई। बैठक में धनेंद्र साहू सहित समिति के कुछ सदस्य पहुंचे थे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत इस बैठक में वर्चुअली जुड़े थे।





- जोगी परिवार और बृहस्पत के नामों पर नहीं बनी सहमति
- पूर्व विधायक नाग, नंद, कुकरेजा के नामों पर सहमति

### रायपुर में होगी अहम बैठक

बताया गया है कि कांग्रेस में वापसी के लिए बनी सात सदस्यीय कमेटी की एक बैठक जल्द ही कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में होगी। बैठक में प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट सहित समिति के सदस्य मौजूद रहेंगे। बैठक में इन नामों पर फिर एक बार विचार कर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। समिति उन नामों को एआईसीसी के अनुशंसा के लिए भेजे जाने के बाद पार्टी में वापसी की घोषणा करेगी। बताया जाता है कि जनवरी के दूसरे सप्ताह में यह बैठक हो सकती है।

दूसरी बैठक के बाद समिति ने पूर्व विधायक अनूप नाग, किस्मतलाल नंद, कांति नाग, अजीत कुकरेजा, आनंद कुकरेजा के नामों पर वापसी के लिए सहमति जताई है। वहीं जोगी कांग्रेस सुप्रीमों डॉ. रेणु जोगी की पार्टी के विलय और बृहस्पत सिंह की पार्टी में वापसी के मामले में समिति में सहमति नहीं बन पाई है। कुछ अन्य नामों पर भी विचार किया गया है। बताया जाता है कि समिति अपनी अनुसंशा के बाद एआईसीसी को प्रस्ताव के बाद पार्टी में वापसी की घोषणा करेगी।

## चुनाव में 178 को रहेगा प्रस्तावक, समर्थक बनने और मतदान करने का अधिकार

# 15 से पहले होगा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भाजपा के संगठन चुनाव में जिलाध्यक्षों का चुनाव होने के बाद अब प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव की तैयारी प्रारंभ हो गई है। 15 जनवरी से पहले कभी भी दिल्ली से तारीख मिलने के बाद यहां पर प्रदेश के चुनाव अधिकारी विनोद तावड़े आएंगे और चुनाव करवाएंगे। प्रदेशाध्यक्ष किरण देव अगर मंत्रिमंडल में शामिल होंगे तो नया अध्यक्ष मिलेगा, अन्यथा फिर से उनको ही अध्यक्ष बनाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। अध्यक्ष के चुनाव में प्रदेश के 178 को मतदान करने का अधिकार रहेगा। इनमें से ही प्रस्तावक और समर्थक भी बनेंगे। देशभर में भाजपा का संगठन चुनाव चल रहा है। इस समय देश के सभी राज्यों में जिलाध्यक्षों का चुनाव हो रहा है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में जिलाध्यक्षों का चुनाव हो गया है। 36 में से 34 जिलाध्यक्ष घोषित हो गए हैं। दो जिलों का चुनाव बाद में होगा। इसका चुनाव भी प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव के पहले होने की संभावना है।





### किनको मिलेगा मतदान का अधिकार

प्रदेशाध्यक्ष के चुनाव में मतदान के साथ प्रस्तावक, समर्थक बनने का अधिकार प्रदेश के 135 प्रदेश प्रतिनिधियों के साथ 36 जिलाध्यक्षों, 6 विधायकों और एक सांसद को रहेगा। प्रदेश प्रतिनिधियों का चुनाव विधानसभा के हिसाब से होता है। 90 विधानसभाओं के जहां 90 प्रदेश प्रतिनिधि रहते हैं, वहीं 90 विधानसभाओं को 45 कलस्टरों में बांटकर 45 प्रतिनिधि और बनाए जाते हैं। इनकी संख्या 135 होती है। अभी 34 जिलों का चुनाव हुआ है तो दो जिलों की 6 विधानसभाओं को छोड़कर 84 प्रदेश प्रतिनिधि बन गए हैं। इसी के साथ कलस्टरों के भी प्रतिनिधि बनाए गए हैं। इसी के साथ 34 जिलाध्यक्ष इस समय मतदान के अधिकारी बन गए हैं। इसी के साथ प्रदेश में भाजपा के 54 विधायक हैं तो इसका दस फीसदी यानी छह विधायक भी मतदान के अधिकारी होंगे। एक सांसद को भी यह अधिकार मिलेगा।

### प्रदेशाध्यक्ष के ये हैं दावेदार

भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष कौन होगा इसको लेकर अभी स्थिति साफ नहीं है। वर्तमान अध्यक्ष किरण देव को साय मंत्रिमंडल में शामिल करने की लगातार चर्चा चल रही है। उनको मंत्रिमंडल में लिया गया तो उनके स्थान पर नया अध्यक्ष बनाया जाएगा। ऐसे में जिन दावेदारों के नाम चल रहे हैं, उनमें सबसे पहला नाम पहले भी अध्यक्ष रह चुके पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक का नाम है। इसी के साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण सिंह चंदेल, विधायक और पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विक्रम उसेंडी, दुर्ग के सांसद विजय बघेल और भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा का नाम है। नया अध्यक्ष कौन होगा इसका फैसला राष्ट्रीय संगठन करेगा। राष्ट्रीय संगठन से नाम तय होने के बाद दिल्ली से नाम आएगा तो नामांकन करवा के विधिवत पूरी प्रक्रिया के साथ नए अध्यक्ष का ऐलान किया जाएगा।

**चुनाव की उल्टी गिनती शुरू**

# साव ने कहा- निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान जल्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव का दावा है कि सरकार चुनाव करवाने के लिए तैयार है, जल्द ही निर्वाचन आयोग चुनाव तारीख की घोषणा करेगा।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, कानून में प्रावधान है कि जो निर्वाचित बॉडी है, वह 5 साल ही काम करेगी। अब उनका कार्यकाल समाप्त हो गया है, तो स्वाभाविक रूप से जो निकाय की एक्टिविटी है वह प्रभावित न हो, उसके लिए प्रशासक की नियुक्ति की गई है। जैसे ही चुनाव होंगे, नई निर्वाचित इकाई अपना कार्य संचालित करेगी।

### आरक्षण पूरा होने के बाद तिथि

वहीं नगर निगम चुनाव में हो रही देर के सवाल पर अरुण साव ने कहा, सरकार चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। एक अंतिम कार्यवाही हमारी बची हुई है। महापौर और अध्यक्ष के आरक्षण 7 जनवरी को होने हैं। जैसे ही आरक्षण होगा, इसकी सूची हम चुनाव आयोग को भेजेंगे। फिर चुनाव आयोग चुनाव की तिथि घोषित कर देगा।



### निर्वाचन आयोग की तैयारी पूरी

इधर चुनाव के संबंध में निर्वाचन आयोग की तैयारी पूरी हो गई है। 15 जनवरी को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद तारीखों का एलान हो सकता है। निर्वाचन आयोग ने सभी जिलों में निर्वाचन अधिकारियों एवं कर्मचारियों को चुनाव से संबंधित प्रशिक्षण पूरा किया जा चुका है। मतदान प्रक्रिया का प्रबंधन, मतदाताओं के लिए सहायक सेवाओं की जानकारी, पोलिंग बूथ की व्यवस्था, निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से कराने मतपेटियों के सुरक्षित परिवहन की व्यवस्था, चुनाव के बाद की प्रक्रियाएं, मतगणना केंद्र पर सामग्री की सुरक्षित डिलीवरी, ऑनलाइन पोर्टल्स या एप्लिकेशन का उपयोग करने, चुनाव निगरानी के लिए डिजिटल तकनीकों का इस्तेमाल करने, जनजागरूकता अभियान, सहित अन्य विषयों की पूरी जानकारी दी गई है।

### जिला कलेक्टर और एसपी की बैठक

चुनाव के संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग आरक्षण की प्रक्रिया पूरी होने और मतदाता सूची प्रकाशन के पूर्व जिलों के एसपी और कलेक्टर की बैठक लेकर जिलों में तैयारियों और कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करेगा। सभी जिलों में शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव कराने दिशा निर्देश जारी करेंगे।



मा. नरेन्द्र मोदी
मा. जे.पी. नड्डा
मा. विष्णु देव साय
मा. नितिन नवीन
मा. किरण देव
मा. अरुण साव
मा. विजय शर्मा
मा. ओ.पी. चौधरी
मा. केदार कश्यप
मा. संजय श्रीवास्तव
मा. रामू रोहरा
मा. नंदन जैन
मा. गुरु खुशवंत साहेब
मा. सौरभ सिंह
मा. मोती लाल साहू
मा. इंद्रकुमार साहू
मा. नारायण चंदेल
मा. लक्ष्मी वर्मा
मा. अशोक पाण्डेय
मा. गुलाब टिकरीहा
मा. शिवशंकर वर्मा
मा. संतोष शुक्ला
मा. छोटेलाल सोनकर
मा. दीपक बैस
मा. अरविंद ठाकुर
मा. संचित तिवारी
मा. प्रमोद शर्मा
मा. डेनिस चन्द्राकर
मा. लेमिक्षा गुरु डहरिया
मा. विवेक अग्रवाल
मान. बृजमोहन अग्रवाल
पूर्व कैबिनेट मंत्री छ.ग. एवं
सांसद रायपुर
मान. टंकराम वर्मा
राजस्व, खेल मंत्री
छ.ग. शासन
श्री श्याम नारंग जी
को भारतीय जनता पार्टी
रायपुर जिला ग्रामीण का पुन:
अध्यक्ष बनाएं जाने पर
हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं...
मा. श्याम नारंग
अध्यक्ष
रायपुर जिला ग्रामीण, भारतीय जनता पार्टी
मा. फनेन्द्र वर्मा
महेश अग्रवाल
घनश्याम अग्रवाल
रमेश रिंकू अग्रवाल
विकास कोटवानी
रवि सेन
विनीत : समस्त कार्यकर्ता, भारतीय जनता पार्टी, तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर
संकलनकर्ता : दिलीप वर्मा मो. 9424211900, 8120003500 संवाददाता हरिभूमि तिल्दा नेवरा

## खबर संक्षेप

### खेत में खंबा गाड़ने पर विवाद, दो लोगों पर जानलेवा हमला

**रायपुर।** खेत में खंबा गाड़ने के विवाद पर एक युवक ने अपने चाचा तथा उसके बेटे के खिलाफ अपने पिताजी तथा भाई के सिर पर सब्बल से जानलेवा हमला करने की धरसींवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रायता निवासी देवेंद्र कुमार धृतलहरे ने अपने चाचा दशरथ तथा उसके बेटे चंद्रकांत के खिलाफ जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। देवेंद्र ने पुलिस को बताया कि दशरथ तथा उसके बेटे उनके खेत में खंबा गाड़ रहे थे। देवेंद्र के भाई देव कुमार तथा उसके पिता ने दशरथ तथा उसके बेटे को खेत में खंबा गाड़ने से रोका। इस बात से नाराज होकर चंद्रकांत तथा उसके पिता ने देवेंद्र के पिता तथा भाई के सिर पर सब्बल से जानलेवा हमला किया।

### किशोरी के साथ छेड़छाड़ और मारपीट, केस दर्ज

**रायपुर।** रसनी में रहने वाली 16 साल की एक किशोरी ने एक लड़के खिलाफ छेड़खानी तथा मारपीट करने की आरंग थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। किशोरी ने पुलिस को बताया कि उसके गांव का लड़का देवराज चंद्राकर उसे आए दिन आते-जाते वक्त छेड़खानी करता था। छेड़खानी से मना करने पर देवराज ने किशोरी तथा उसकी मां के साथ गाली-गलौज कर मारपीट की।

### जनदर्शन में मिले 24 आवेदन

**रायपुर।** कलेक्टोरेट परिसर के रेडक्रॉस सोसायटी सभाकक्ष में सोमवार को जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर गौरव सिंह ने आम लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान जिले के अलग-अलग क्षेत्र से करीब 24 लोगों ने आवेदन दिए हैं। इन सभी आवेदकों की बातें सुनकर कलेक्टर ने सभी आवेदनों का निराकरण जल्द से जल्द करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया है।

# गजब की तैयारी... एक माह और तीन परीक्षाएं! प्री बोर्ड से पहले समग्र शिक्षा का मॉक टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्कूल शिक्षा विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय और जिला शिक्षा कार्यालय सहित अब समग्र शिक्षा विभाग भी लगता है कि प्रत्येक छात्र को टॉप कराकर ही मानेंगे। इसके लिए तैयारियों का दौर भी शुरू हो गया है। तैयार भी ऐसी कि छात्रों को एक माह में तीन-तीन परीक्षाएं देनी पड़ रही है। जिले में प्री बोर्ड परीक्षाएं 20 जनवरी से प्रारंभ होंगी। इसके पूर्व अब समग्र शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों के लिए मॉक टेस्ट लिया जा रहा है। सोमवार से इसकी शुरुआत हो गई है। 14 जनवरी तक ये परीक्षाएं चलेंगी। परीक्षा से एक सप्ताह पूर्व अर्थात 31 दिसंबर को सभी जिला शिक्ष अधिकारियों को खत लिखकर इसकी सूचना दी गई थी। सूत्रों के अनुसार, यह प्रथम मॉक टेस्ट है। द्वितीय मॉक टेस्ट भी समग्र शिक्षा द्वारा लिए जाने की तैयारी है। इसके लिए तिथि की घोषणा अभी नहीं की गई है। शीतकालीन अवकाश के पूर्व छमाही परीक्षा दिलाने वाले छात्रों को अवकाश के एक सप्ताह बाद ही दोबारा परीक्षाएं दिलानी पड़ रही है। सुबह 10.45 से दोपहर 2 बजे तक ये परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। विभाग के अनुसार, ये मॉक टेस्ट वार्षिक परीक्षाओं में छात्रों का प्रदर्शन बेहतर करने के उद्देश्य से लिए जा रहे हैं।

## नतीजे सुधारने दसवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए मॉक टेस्ट शुरू

### पीडीएफ फॉर्मेट में भेज रहे प्रश्नपत्र

*समग्र शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों को पीडीएफ फॉर्मेट में प्रश्नपत्र भेजे जा रहे हैं। स्कूल अपनी सुविधानुसार या तो इन प्रश्नों को ब्लैकबोर्ड पर लिख रहे हैं अथवा इनका प्रिंटआउट निकलवाकर छात्रों को बांट रहे हैं। कुछ विद्यालय अपने बजट या उपलब्ध संसाधनों के जरिए छात्रों को उत्तरपुस्तिकाएं उपलब्ध करा रहे हैं तो कई स्थानों पर छात्र स्वयं ही इसकी व्यवस्था कर रहे हैं। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं-बारहवीं की परीक्षाओं के लिए निर्धारित प्रश्नपत्र के पैटर्न के अनुसार सवाल पूछे जा रहे हैं।*



### दिसंबर में हुई थी अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं

जिले के शासकीय विद्यालयों में दिसंबर के दूसरे पखवाड़े में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं आयोजित की गई थीं। स्कूलों में बीते सप्ताह ही इसके नतीजे घोषित किए गए हैं। कुछ स्कूलों में अब तक परिणाम भी नहीं आए हैं। छमाही परीक्षा परिणामों के आधार पर विद्यार्थियों का प्रदर्शन सुधारने का मौका ही नहीं मिला और इसके पूर्व ही पुनः मॉक टेस्ट आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यालयों में निर्धारित पाठ्यक्रम के एक-दो यूनिट पूर्ण होने शेष हैं। परीक्षाओं के कारण इनके अध्यापन का भी समय नहीं मिल पा रहा है। यही वजह है कि शिक्षक और छात्र लगातार हो रही परीक्षाओं से परेशान हो गए हैं।

राज्य में एनटीसीए की रिपोर्ट में 17 बाघ, विचरण कर रहे 26 से ज्यादा बाघ

# बाघों की बसाहट के लिए हर माह 75 लाख खर्च, फिर भी सुरक्षित रहवास की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के टाइगर रिजर्व को विकसित करने बाघों के लिए पर्याप्त शिकार के साथ पानी तथा उनके सुरक्षित रहवास (प्रे-बेस) विकसित करने एनटीसीए तथा राज्य के मद से वित्तीय वर्ष 2024-25 में हर माह 75 लाख रुपए से ज्यादा की राशि आबंटित की गई है। बावजूद इसके टाइगर रिजर्व में पूर्व से रह रहे तथा दूसरे प्रदेश से माइग्रेट कर आए बाघों के लिए पर्याप्त प्रे-बेस नहीं है। इसके चलते बाघ शिकार की तलाश में रहवासी क्षेत्र या अन्य वन्यक्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं। मैनजमेंट में सुधार नहीं होने पर बाघों की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती होगी।

गौरतलब है कि वर्ष 2022 की बाघों की गणना रिपोर्ट में छत्तीसगढ़ में एनटीसीए ने 17 बाघ होने की पुष्टि की है। जब बाघों की गणना की गई। उस समय अचानकमार टाइगर रिजर्व में दो से तीन बाघ के शावक थे, जिसे तकनीकी तौर पर गणना में शामिल नहीं किया गया। गणना के समय एटीआर में जो बाघ शावक थे, अब वो पूरी तरह से वयस्क हो गए हैं। राज्य में बाघों की गणना के लिए उदंती-सीतानदी के साथ इंद्रावती तथा अचानकमार टाइगर रिजर्व में ट्रैप कैमरा लगाए गए थे। अन्य बाघ के मूवमेंट वाले क्षेत्र में ट्रैप कैमरा नहीं लगाए गए थे।

### इतनी राशि इन टाइगर रिजर्व के लिए स्वीकृत

- अचानकमार टाइगर रिजर्व - 4 करोड़ 64 लाख 27 हजार
- इंद्रावती टाइगर रिजर्व - 1 करोड़ 35 लाख 46 हजार
- उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व - 3 करोड़ 22 लाख 25 हजार



मैनेजमेंट में सुधार नहीं होने पर बाघों के अस्तित्व पर संकट गहरा सकता है

### बसाहट से ज्यादा प्रे-बेस विकसित करने ध्यान देना होगा

*पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में बाघों की संख्या ज्यादा है। इस वजह से वहां के बाघ नए टेरिटरी की तलाश में राज्य के वनों में माइग्रेट होकर आ रहे हैं। ऐसे में वन विभाग को टाइगर रिजर्व के अलावा टाइगर रिजर्व से सटे अन्य वनक्षेत्रों में तेजी से प्रे-बेस विकसित करने की जरूरत है। इसके लिए शिकार पर अंकुश लगाने के साथ ग्रास लैंड विकसित करने के साथ पानी की व्यवस्था करनी होगी। प्रे-बेस विकसित करने के बाद वन अफसरों को बाघों की बसाहट पर ध्यान देने की जरूरत है।*

### इसलिए एटीआर से निकल रहे बाघ

*अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों के लिए पर्याप्त प्रे-बेस होने के दावे किए जाते हैं। इसलिए एटीआर में बाघों की बसाहच पर ज्यादा ध्यान दिए जा रहे हैं। एटीआर में प्रे-बेस में कमी होने की बात जानकार बता रहे हैं। इसके चलते बाघ जंगल में चरने आए मवेशियों का शिकार कर अपना पेट भर रहे हैं। प्रे-बेस की कमी होने की वजह से भी बाघों के एटीआर से निकलकर दूसरे वनक्षेत्र में प्रवेश करने की बात जानकार बता रहे हैं।*

### टाइगर रिजर्व के अलावा इन क्षेत्रों में विचरण

वर्तमान में राज्य के तीन टाइगर रिजर्व के साथ नए टाइगर रिजर्व गुरु घासीदास के अलावा राज्य के अन्य वनक्षेत्रों में टाइगर विचरण कर रहे हैं। अचानकमार टाइगर रिजर्व की मादा बाघ एटीआर से निकलकर बेलगहना पहुंच गई है। बताया जा रहा है, बेलगहना पहुंची टाइगर को वन अफसरों ने चिरमिरी से रेस्क्यू कर एटीआर में छोड़ा था। वह बाघिन एटीआर से निकलकर मरवाही, कटघोरा के जंगल में विचरण करते हुए बेलगहना पहुंच गई।

# सामूहिक अनशन कर रहे बीएड शिक्षकों की तबीयत बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 14 दिसंबर से सेवा सुरक्षा और समायोजन की मांग लेकर हड़ताल कर रहे हैं सहायक शिक्षक

14 दिसंबर से सेवा सुरक्षा और समायोजन की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों की तबीयत बिगड़ती जा रही है। सोमवार को सामूहिक अनशन के तीसरे दिन दो शिक्षिकाओं की तबीयत बिगड़ गई। आंदोलनकारियों ने प्रशासन पर आरोप लगाया कि धरना स्थल पर किसी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं थी। शिक्षकों द्वारा 108 एंबुलेंस सेवा को कॉल कर बुलाया गया, जिसके बाद दोनों शिक्षिकाओं को निकटतम स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर में भर्ती कराया गया। आंदोलनकारियों का कहना है कि दो



सहायक शिक्षिकाओं की स्थिति गंभीर है।गौरतलब है कि बीएड डिग्री धारक सहायक शिक्षक सेवा सुरक्षा और समायोजन की मांग को लेकर जल सत्याग्रह के साथ-साथ सामूहिक अनशन पर हैं। शिक्षकों का कहना है कि यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा जब तक उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता। धरना स्थल पर स्वास्थ्य सुविधाओं की अनुपलब्धता और शासन-प्रशासन की चुप्पी पर आंदोलनकारी शिक्षकों ने नाराजगी जताई है। शिक्षकों का कहना है कि उनकी आजीविका और भविष्य को सुरक्षित करने के लिए सरकार को त्वरित कदम उठाने चाहिए।

### कमेटी में शामिल करने की मांग

*शिक्षकों ने अपनी तीन सूत्रीय मांग शासन के समक्ष रखी है। शिक्षकों के समायोजन सहित अन्य विकल्पों पर विचार करने के लिए शासन द्वारा पांच सदस्यी कमेटी बनाई गई है। शिक्षकों ने इस कमेटी में उनके एक प्रतिनिधि को शामिल करने की मांग की है। इसके अलावा कमेटी की रिपोर्ट आने तक जीविका के संचालन के लिए शासकीय सेवा को यथावत रखने और तनख्वाह नहीं रोकने की मांग की है। कमेटी की कार्यवाही की समय-सीमा निश्चित करने की भी मांग की गई है।*

## आगे खिसका एमडी-एमएस प्रवेश का मॉपअप राउंड

**रायपुर।** मेडिकल कालेजों की पीजी सीटों में प्रवेश के लिए परसेंटाइल में कटौती किए जाने की वजह से राज्य में प्रवेश का मॉपअप राउंड आगे खिसक गया है। सोमवार से इसके लिए च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया शुरू होनी थी। राज्य में अभी बड़ी संख्या में सीटें खाली हैं। चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी द्वारा आगामी तिथि तक प्रक्रिया स्थगित करने का आदेश जारी किया गया है। राज्य में तीन निजी सहित नौ मेडिकल कालेजों में पीजी की सीट संचालित होती है। सबसे ज्यादा एमडी-एमएस का पाठ्यक्रम रायपुर जीएमसी में है। दो काउंसिलिंग के बाद भी इन कालेजों में अभी लगभग चालीस फीसदी सीटें खाली हैं। छत्तीसगढ़ के साथ अन्य राज्यों में भी पीजी की सीटों का यही हाल है। इसे ध्यान में रखते हुए एमसीसी द्वारा प्रवेश के लिए परसेंटाइल को कम किया गया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा इस आदेश के पहले मॉपअप राउंड के लिए च्वाइस फीलिंग से संबंधित अपनी तैयारी पूरी कर ली गई थी।

शुरू होनी थी च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया



## बिजनेस साइट

### एसएमसी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में घुटने की सफल सर्जरी

**रायपुर।** एसएमसी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में 55 वर्षीय मरीज की घुटने की सफल सर्जरी की गई। मरीज बाइक से गिरने के बाद घुटने में दर्द और सूजन से पीड़ित थे। एक्स-रे रिपोर्ट सामान्य होने के बावजूद लक्षणों में सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद उन्होंने रेलवे अस्पताल में डॉ. सौरभ खरे से परामर्श लिया। डॉ. खरे ने एमआरआई जांच के बाद घुटने के लिगामेंट के टूटने का पता लगाया। इसके बाद मरीज को एसएमसी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां आर्थोस्कोपी तकनीक से बिना बड़ी चीरफाड़ के ऑपरेशन किया गया और एसीएल लिगामेंट को सफलतापूर्वक पुनर्निर्मित किया गया। सर्जरी के बाद मरीज का स्वास्थ्य सुधर गया। डॉ. सौरभ खरे और अस्पताल स्टाफ के प्रयासों के लिए मरीज ने उनका आभार व्यक्त किया।






## मुख्यमंत्री साय ने 'ऑटो एक्सपो 2025' के पोस्टर का किया विमोचन

**रायपुर।** रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) द्वारा ऑटो एक्सपो-2025 का आयोजन 15 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक साइंस कॉलेज ग्राउंड में किया जाएगा। यह आयोजन मध्यभारत का सबसे बड़ा ऑटो एक्सपो होगा, जिसे किसी एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन में छत्तीसगढ़ के ऑटोमोबाइल व्यवसायी भाग लेंगे, जिसमें दोपहिया, चारपहिया, कमर्शियल और ट्रैक्टर डीलर्स शामिल होंगे। ऑटो एक्सपो में 200 से ज्यादा स्टाल लगाए जाएंगे, जो ऑटोमोबाइल व्यवसाय से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों जैसे फाइनेंस, इंश्योरेंस, तेल और अन्य श्रेणियों से संबंधित होंगे। इस एक्सपो में नवीनतम वाहनों और नई तकनीकों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे लोग इनसे अवगत हो सकें। ऑटो एक्सपो में अनुमानित रूप से 5 लाख से अधिक लोग शामिल होंगे। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा इस एक्सपो के दौरान एक विशेष योजना के तहत लाइफटाइम रोड टैक्स में 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की गई है। इस संबंध में राडा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से भेंट की, जहां उन्होंने ऑटो एक्सपो के पोस्टर का विमोचन किया।



## सुरेश अग्रवाल मेमोरियल हीरा कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत

**रायपुर।** हीरा स्पोर्ट्स ग्राउंड फुंडहर चौक वीआईपी रोड पर 4 जनवरी से सुरेश अग्रवाल मेमोरियल हीरा कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शुरू हो चुका है। उद्घाटन समारोह में हीरा ग्रुप के निदेशक बीएल अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, कुमार अग्रवाल, विनोद पिल्लै और समस्त हीरा परिवार के सदस्य व कार्यकारी अधिकारी उपस्थित थे। समारोह में दिनेश अग्रवाल और सिद्धार्थ अग्रवाल ने उद्घाटन भाषण में सभी कॉर्पोरेट टीमों का खेल भावना और उत्साही भागीदारी के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। सोमवार को खेले गए मैच में सायाजी होटल ने छत्तीसगढ़ इस्पात भूमि को 25 रनों से हराया और एक अन्य मैच में जायका ऑटोमोबाइल्स ने इंदरमानी मिनरल्स को 3 विकेट से हराया।




## भर्ती में गड़बड़ी का आरोप परीक्षा रद्द करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- एडमिट कार्ड होने के बाद भी फिजिकल टेस्ट में शामिल नहीं होने देने का आरोप

ओबीसी तथा सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों ने पुलिस भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करने का आरोप लगाते हुए परीक्षा रद्द करने की मांग की है। परिक्षार्थियों का आरोप है कि एडमिट कार्ड होने के बावजूद सीट नहीं होने का हवाला देकर उन्हें फिजिकल टेस्ट में शामिल नहीं होने दिया। उल्लेखनीय है कि सोमवार को माना पीटीएस में पुलिस भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट हो रहा था। इसी दौरान ओबीसी तथा सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को सीट नहीं होने की बात कह कर फिजिकल टेस्ट में शामिल नहीं होने दिया गया। राज्य के अलग-अलग जिलों से आए अभ्यर्थियों के अनुसार वे पुलिस भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट देने माना पीटीएस पहुंचे थे। मौके पर उपस्थित पुलिस अफसरों ने अभ्यर्थियों को जिस कैटेगरी में वे फिजिकल टेस्ट देने पहुंचे थे, वहां उन्हें कहा गया कि उस कैटेगरी में सामान्य तथा ओबीसी के लिए सीट नहीं है। इससे छात्र नाराज हो गए और मौके पर ही नारेबाजी करने लगी। छात्रों ने आरोप लगाया है कि जिस कैटेगरी में वे परीक्षा देने पहुंचे थे, उस कैटेगरी में सीट नहीं थी, तो उनसे ढाई सौ रुपए का शुल्क लेकर एडमिट कार्ड क्यों जारी किया गया। छात्रों ने गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए परीक्षा रद्द करने की मांग की है।



### जिनके डॉक्यूमेंट वैध, उन्हें एंट्री

परीक्षा संचालन करने वाले अफसरों के अनुसार ड्राइवर पोस्ट भर्ती के लिए परीक्षा आयोजित की गई। उसमें रायपुर जिले के लिए ओबीसी और सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए सीट नहीं है। इस वर्ग के कई अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म गलत भरा है। इन अभ्यर्थियों का डॉक्यूमेंट चेक करने के बाद इन्हें रोका गया है। अन्य जिनके भी दस्तावेज वैध थे, उन्हें परीक्षा में एंट्री दी गई।

## चैंबर अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव दो से ज्यादा बार लड़ने का रास्ता खुला

### रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसाइटी ने की श्रीचंद सुंदरानी की अपील खारिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के चुनाव में अब अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव दो से ज्यादा बार लड़ने का रास्ता खुल गया है। चैंबर के संविधान में इसको लेकर किए गए संशोधन को चैंबर के पूर्व अध्यक्ष श्रीचंद सुंदरानी ने चुनौती देते हुए फर्म एंड सोसाइटी में अपील की थी। अपील में चैंबर की वर्तमान कार्यकारिणी द्वारा संविधान में किए गए संशोधन को गलत बताया गया था, लेकिन रजिस्ट्रार ने अपील को खारिज कर दी है। ऐसे में अब चैंबर के सदस्य दो बार से ज्यादा इन पदों के लिए चुनाव लड़ सकेंगे। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया, चैंबर के संविधान संशोधन के विरुद्ध श्रीचन्द सुंदरानी द्वारा प्रस्तुत अपील रजिस्ट्रार ने खारिज कर दी है। रजिस्ट्रार के समक्ष चैंबर के संविधान संशोधन के विरुद्ध श्रीचन्द सुन्दरानी एवं अन्य ने चुनौती दी थी, जिस पर रजिस्ट्रार, फर्म एंड सोसाइटी ने दोनों पक्षों की सुनवाई करने के पश्चात चैंबर द्वारा किए गए संविधान संशोधन को विधिसम्मत एवं पूरी प्रक्रिया से किया गया बताया और प्रस्तुत की गई शिकायत खारिज कर दी।

### क्या किया गया है संशोधन

चैंबर की वर्तमान कार्यकारिणी ने चैंबर की पुरानी कार्यकारिणी द्वारा 2011 में संविधान में किए गए संशोधन जिसमें अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव किसी भी सदस्य द्वारा दो बार से ज्यादा न लड़ने का संशोधन किया गया था, उनको अमर पारवानी की कार्यकारिणी से रद्द करते हुए संविधान में यह संशोधन किया है कि कोई भी सदस्य दो से ज्यादा बार भी अध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव लड़ सकता है। कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने कहा, यह संशोधन पूरी पारदर्शिता और पूरी प्रक्रिया के साथ सबको समान अवसर देने के उद्देश्य से किया गया है।

## नौकरी लगवाने का झांसा देकर युवती से ठगी

**रायपुर।** एम्स अस्पताल में स्टाफ नर्स की नौकरी लगवाने का झांसा देकर तीन लाख 37 हजार रुपए ठगी करने की राजनांदगांव की युवती दुर्गेश्वरी साहू ने आमानाका थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दुर्गेश्वरी ने पुलिस को बताया कि महाराष्ट्र नागपुर निवासी रितेश्वर भुमरकर ने उसे एम्स में स्टाफ नर्स की नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का शिकार बनाया। रितेश्वर के साथ दुर्गेश्वरी की पहचान उसकी सहेली के माध्यम से फेसबुक पर हुई थी। पैसे लेने के बाद रितेश ने अपना मोबाइल बंद कर दिया है।

## ऑटो और ई-रिक्शा के साथ सिटी बसों का स्टापेज मरही माता, घड़ी एवं बंजारी चौक पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- शास्त्री चौक पर स्मूथ ट्रैफिक संचालन करने लिया गया निर्णय

शास्त्री चौक पर स्मूथ ट्रैफिक संचालन करने ऑटो, ई-रिक्शा के साथ सिटी बसों के स्टापेज के लिए स्थान निर्धारित किया गया है। ऑटो, ई-रिक्शा तथा सिटी बसों का स्टापेज मरही माता, घड़ी चौक तथा बंजारी चौक पर निर्धारित किया गया है। इस संबंध में सोमवार को ट्रैफिक पुलिस ने सिटी बस संचालन तथा ऑटो संघ के साथ बैठक में निर्णय लिया है। शास्त्री चौक पर लोगों को बेवजह जाम में फंसने से निजात दिलाने कलेक्टर तथा एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने शास्त्री चौक पर प्रयोग के तौर पर एक सप्ताह के लिए ई-रिक्शा तथा ऑटो की आवाजाही पर प्रतिबंध लगाया था। ट्रैफिक पुलिस के अफसरों के अनुसार प्रयोग सफल रहा है। पब्लिक ट्रांसपोर्ट के माध्यम से शास्त्री मार्ग में आवाजाही करने वाले लोगों को परेशानी से बचाने के लिए सिटी बस को घड़ी चौक बंजारी चौक एवं मारही माता चौक पर स्टापेज देने निर्णय लिया गया है। सिटी बस वाले शास्त्री चौक का भ्रमण कर शास्त्री चौक के स्थान पर मरही माता चौक, नगर घड़ी चौक एवं बंजारी चौक पर सवारी उतार चढ़ा सकते हैं। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार लोगों के सुझाव के आधार पर यह निर्णय लिया गया है।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 7 जनवरी 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02



गुरु के संदेश और सीख से संगत हुई ....

## एजूकेशन अपडेट

### इनकम टैक्स डिपार्टमेंट में डाटा प्रोसेसिंग असिस्टेंट ग्रेड-B की निकली भर्ती




**रायपुर।** इनकम टैक्स डिपार्टमेंट हमारे देश में बहुत ही प्रतिष्ठित माना जाता है। अगर आपका भी सपना आयकर विभाग में सरकारी नौकरी पाने का है तो आपके लिए खुशखबरी है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ओर से डाटा प्रोसेसिंग असिस्टेंट ग्रेड-B के रिक्त पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती में शामिल होने के लिए योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी ऑफलाइन माध्यम से फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म भरने की लास्ट डेट नोटिफिकेशन पब्लिश होने से 30 दिन तय की गई है। अधिसूचना वेबसाइट पर 31 दिसंबर को पब्लिश की गई थी।

#### इस तरह कर सकते हैं आवेदन

इस भर्ती में आवेदन के लिए अभ्यर्थी सबसे पहले इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की ऑफिशियल वेबसाइट **incometaxindia.gov.in** पर जाएं और यहां रिक्रूटमेंट सेक्शन पर जाकर भर्ती से संबंधित नोटिफिकेशन लिंक पर क्लिक करें। अब इसमें एप्लिकेशन फॉर्म को प्रिंट कर लें। इसके बाद इसे पूर्ण जानकारी के साथ भरकर एवं सभी आवश्यक दस्तावेज अटैच करके निदेशालय आयकर (सिस्टम), केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, ग्राउंड फ्लोर, ई2, एआरए सेंटर, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110 055 के पते पर भेज दें।

## शिक्षा को बढ़ावा देने महिलाएं भी फ्री कोचिंग के लिए लगा रहीं पाठशाला

# सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी पढ़ाई में न पिछड़ें इसलिए फ्री कोचिंग-लाइब्रेरी की दे रहे सुविधा

> ‘माता-पिता की गरीबी उनके बच्चों के भविष्य निर्माण और शिक्षा में रोड़ा न बनने पाए, संस्थाएं इसका ध्यान रख रही हैं। इसलिए युवाओं की संस्थाएं ही नहीं, महिलाएं भी फ्री कोचिंग, लाइब्रेरी की सुविधा देने मुहिम चला रही हैं, ताकि बस्तियों में रहने वाले बच्चे और अशिक्षित महिलाएं भी शिक्षित हो सकें। जो युवा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करना चाहते हैं, उन्हें जरूरी किताबें उपलब्ध कराने के लिए युवाओं का ग्रुप लाइब्रेरी की सुविधा भी दे रहा है।’

**रायपुर।** सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की प्राथमिक शिक्षा का बेस मजबूत करने का दौर चल रहा है। प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं किसी क्षेत्र में पीछे न रह जाएं, इसलिए महिलाओं ही नहीं, बल्कि संस्थाओं द्वारा भी निशुल्क कोचिंग की सुविधा दी जा रही है। कई इलाकों में फ्री कोचिंग का प्रयास होने से 8वीं तक के विद्यार्थियों को सुविधा मिल रही हैं। जिंदगी लाइव ने शिक्षा की अलख जगाने के लिए प्रयास करने वाली महिलाओं और संस्थाओं से इस संबंध में चर्चा की। पता चला कि एक महिला अपने घर में ही बच्चों की पाठशाला 20 साल से लगा रही है। हाई सोसायटी की महिलाएं भी आसपास की बस्तियों में रहने वाले बच्चों को फ्री कोचिंग देती हैं।





**बढ़ा रहे जनरल नॉलेज, संस्कार भी**

*कॉलोनी में रहने वाली श्रीमती चक्रवर्ती जहां बच्चों को फ्री कोचिंग देती हैं, वहीं बस्ती में रहने वाली 30 से ज्यादा महिलाओं को साक्षर बना चुकी हैं। इनमें शिक्षा से वंचित बुजुर्ग भी शामिल हैं। शिक्षिका बताती हैं कि हर साल 10 हजार से ज्यादा की स्टेशनरी भी बांटती हूं। सुधा फाउंडेशन के लोगों ने भी बताया कि संस्था बच्चों के माध्यम से उनके माता-पिता के जीवन में बदलाव लाने का प्रयास कर रही है, ताकि आर्थिक तंगी से जूझने वाले लोगों को नशे की लत से छुटकारा दिला सकें, इससे घरेलू हिंसा कम होती है। माता-पिता के साथ बेटे-बेटियां नॉलेज बढ़ाने संवाद करते हैं। बच्चों को संस्कारों से जोड़ने का प्रयास जारी है।*

### बगीचे में देते हैं पढ़ाई का माहौल

वैसे तो चरामेति फाउंडेशन पर्यावरण सहित सरोकार के कई क्षेत्र में सेवाएं दे रहा है। कोविड के बाद इस संस्था से जुड़े 12 से ज्यादा युवाओं ने मिलकर प्रशांत महतो के साथ एक नई पहल की। इस ग्रुप द्वारा अभी तक डोनेशन और आपसी तालमेल से जुटाई गई करीब 20 हजार से ज्यादा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में उपयोगी किताबों की लाइब्रेरी तैयार की है। इससे सुंदरनगर आम बगीचे में निर्मित बापू की कुटिया और बगीचे में पढ़ाई का माहौल दे रहे हैं। बुजुर्गों के लिए धार्मिक तो युवाओं के लिए एसएससी, रेलवे, सीजीपीएससी सहित शिक्षक व पुलिस भर्ती परीक्षा पास करने के लिए कई तरह की किताबें मौजूद हैं।

### 20 साल से घर पर खुद ही पढ़ा रहीं

प्रियदर्शिनी नगर में शीला चक्रवर्ती 20 साल से क्षेत्र में फ्री कोचिंग देते हुए शिक्षा की अलख जगा रही हैं। उन्होंने बताया कि जब यहां रहने के लिए आई, तब देखने को मिला की गुरमुख सिंह नगर में कई लोग बच्चों को स्कूल नहीं भेजते। जिन छात्र-छात्राओं का सरकारी स्कूलों में एडमिशन कराया गया है, ऐसे बच्चे भी पढ़ाई में कमजोर हैं। इसे देखते हुए पहले तो ग्रुप बनाकर पहल करने का मन बनाया। किसी ने साथ नहीं दिया तो खुद ही पढ़ाने लगीं। 12वीं पास शीला के पास दोपहर और शाम की पाली में पहली से 8वीं तक के 50 से ज्यादा विद्यार्थी कोचिंग लेते हैं। इनमें अशिक्षित महिलाएं व बुजुर्ग भी शामिल होते हैं।

### बेस मजबूत करने देते हैं कोचिंग

दो साल पहले अमलीडीह क्षेत्र के स्कूली छात्र-छात्राओं को निशुल्क कोचिंग देने की पहल जीके भटनागर ने शुरू की। कोविड जैसी आपदा के चलते दो साल सरकारी स्कूलों की पढ़ाई प्रभावित रही। इससे बच्चों की प्राथमिक शिक्षा का बेस कमजोर होने की शिकायत सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों से भी मिल रही थी। इसे देखते हुए जलाराम अपार्टमेंट के पास बच्चों की पाठशाला लगानी शुरू की। जहां पढ़ाने के लिए दो शिक्षिकाओं को सुधा सोसायटी फाउंडेशन ने जिम्मेदारी दी है। इसका फायदा पहली से 5वीं तक के 45 से ज्यादा विद्यार्थियों को मिलता है। माता-पिता को ट्यूशन फीस देने से राहत मिली है।

## लाइव इवेंट

### 27 साल बाद 96-97 बैच के स्कूली दोस्तों से मुलाकात, बिताए यादगार पल



**रायपुर।** सरस्वती ज्ञानोदय मंदिर के 96-97 बैच के छात्रों का री-यूनियन कार्यक्रम पंडरी स्थित एक होटल में रखा गया, जिसमें उस समय के बैच के छात्र-छात्राओं ने मिलकर एक-दूसरे की जीवन यात्रा में हासिल अनुभवों को आपस में साझा किया। दशकों बाद भेंट-मुलाकात की खुशी उनके चेहरे पर साफ झलक रही थी। उन दिनों के किस्सों व कारनामों को याद करते हुए हंसते-हंसते सबकी आंखों में आंसू आ गए। सबका ही कहना था कि वो दिन भी क्या दिन थे, न कोई चिंता थी न कोई जिम्मेदारी, स्कूल में मानो जान बसा करती थी। समय बीतते देर कहां लगती है, हम 27 साल बाद मिल रहे हैं लेकिन लग ही नहीं रहा कि इतने साल हो गए।

#### पसंदीदा गेम्स का उठाया आनंद

ऐसा मालूम पड़ता है कि हम कल ही बात कर रहे हैं। इस री-यूनियन में 25 से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल रहे। बचपन को याद करते हुए सभी ने अपने पसंदीदा गेम्स का आनंद उठाया। साथ ही डांसिंग व सिंगिंग का लुत्फ उठाया। इस दौरान डॉ. कमलेश अग्रवाल, डॉ. कपिल, डॉ. संजीव अवसरे, भोमराज तिवारी, विकल्प ठाकुर, किशोर कश्यप, समीक्षा नामदेव, सुचिता शर्मा, शिम्पा अग्रवाल, ममता जैन, ज्योति आहूजा, श्वेता सिंग, लता पटेल आदि मौजूद रहे।

### नन्हे बच्चों ने नाटक में पिरोई रामायण की गाथा



**रायपुर।** श्रद्धानंद आर्य उच्चतर माध्यमिक शाला संतोषी नगर में वार्षिकोत्सव समारोह विधायक सुनील सोनी के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्टी श्रीराम मंदिर वीआईपी रोड बृजमोहन गोयल ने की तथा विशेष अतिथि उद्योगपति तथा संरक्षक आर्य शिक्षण समिति मित्रेश दुबे रहे। वार्षिकोत्सव का प्रारंभ स्वागत गीत से हुआ, जहां छात्र–छात्राओं ने आदिवासी नृत्य कावेरी एवं साथी, दुर्गा माता के रूप में जया मण्डल, रामकथा नाटिका तनूजा, दिशा, योगिता साहू, उर्वशी, आकांक्षा, इशिका, अनोखी, नीलम, तेलुगु नृत्य प्रभा, हिमांशी, डोमेश्वरी, प्राची, गायनी, राजस्थानी नृत्य यशस्वी, राबिया, माही, आकांक्षा, लिलेश्वरी, सोनिशा, रमा, लिसा, भावना वर्मा, पंजाबी नृत्य देवश्री, शामिया, वैशाली द्वारा प्रस्तुत किया गया।




## आदर्श स्कूल अटलनगर में वार्षिकोत्सव में शिव तांडव स्त्रोत की प्रस्तुति

# जटाटवी गलज्जल प्रवाह पावितस्थले...

**रायपुर।** शिव तांडव स्त्रोत की प्रस्तुति, ओ सामे..ओ हो सामे, कौन है वो कौन है..और छत्तीसगढ़ी गानों से स्कूली बच्चों ने वार्षिकोत्सव में धूम मचा दी। 5 जनवरी रविवार को अटलनगर स्थित आदर्श इंटरनेशनल स्कूल में स्मृतमः द जर्नी विद आर्ट एंड कल्चर वार्षिकोत्सव का धूमधाम से आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों की प्रतिभा और क्षमता निखारने से राष्ट्र की बेहतर तस्वीर बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही इस दौरान उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए उनकी सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। दीप प्रज्ज्वलन और पुष्पांजलि से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमीर बी. सुल्तान ने अतिथियों का स्वागत करते हुए वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। शिक्षा और खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कृत किया गया।



### बच्चों ने किया स्टंट, डांस से बांधा समां



कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों ने एक्शन गीत के साथ की। छोटे बच्चों को स्टंट करते देख उपस्थितजनों के रोंगटे खड़े हो गए। साथ ही छात्रों ने थीम आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। पुष्पा मूवी के ओ सामे..सामे, बस्तरिहा गीत, हम तो आदिवासी आन जैसे गीतों से बच्चों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति को लोगों के सामने रखा। इस दौरान छत्तीसगढ़ी परिधान में लोगों का मन मोहा। वहीं शिव तांडव, बाहुबली और अन्य प्रदेशों के पारंपरिक गीतों को बच्चों ने मनमोहक ढंग से प्रस्तुत किया। लड़कियों का सिनेमाई अंदाज में रोंगटे खड़े कर देने वाला डरावना डांस देख तालियां गूंज उठीं, वहीं छात्रों ने सोशल मीडिया के बुरे प्रभावों को दर्शाते हुए नाटक के माध्यम से अच्छे-बुरे का संदेश दिया।

## सिटी लाइव

# शह और मात का हुनर दिखाने देशभर से पहुंचेंगे शतरंज खिलाड़ी



**रायपुर।** प्रदेश में शतरंज खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूज्य शदाणी दरबार द्वारा प्रथम अखिल भारतीय संत गोविंदराम साहिब शतरंज प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता दरबार के वर्तमान पीठाधीश संत डॉ. युधिष्ठिर लाल शदाणी के 62वें अवतरण दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित है। इस आयोजन में कुल डेढ़ लाख रुपए पुरस्कार राशि और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रथम आए विजेता को 51 हजार रुपए और ट्रॉफी दी जाएगी। बाल वर्ग (अंडर-9, अंडर-11, अंडर-15), बेस्ट वुमन और बेस्ट अनरेटेड श्रेणियों में भी विजेताओं को ट्रॉफी और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विशेष पुरस्कारों में अन्य 21-40 रैंक के खिलाड़ियों को मेमेंटो दिए जाएंगे।

### बढ़ेगी दिलचस्पी आएगी समर्पण की भावना

प्रतियोगिता का आयोजन टीम चेस सिटी द्वारा किया जा रहा है। इस भव्य आयोजन का उद्देश्य प्रदेश में शतरंज खेल के प्रति रुचि और समर्पण को बढ़ावा देना है। स्पर्धा के आयोजकों ने इस संबंध में सीएम विष्णुदेव साय और खेलमंत्री टंकराम वर्मा से भेंट की। इस दौरान खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि प्रदेश में ऐसे आयोजनों से खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही राज्य का नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी चमकेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रतियोगिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि शतरंज मानसिक कौशल का खेल है। ऐसे आयोजन युवाओं को सोचने और बेहतर निर्णय लेने की प्रेरणा देंगे।

## गुरुद्वारों में मनाया गया गुरु गोविंद सिंहजी का 358वां प्रकाश पर्व

# गुरु के संदेश और सीख से संगत हुई निहाल बच्चों ने गाया कीर्तन, रागी का शबद पाठ भी

सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंहजी का 358वां प्रकाश पर्व सोमवार को मनाया गया। राजधानी के 16 गुरुद्वारों में प्रकाश पर्व के दौरान की गई विशेष सजावट आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर विशेष कीर्तन दीवान और लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन समेत अन्य शामिल हुए।



### सेवा कार्य कर मनाया पर्व



गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर लोगों ने गुरुद्वारों में सेवाकार्य कर पर्व मनाया। इसके अलावा गुरु गोविंद सिंह चौक, फाफाडीह चौक पर आतिशबाजी की गई। बाबा तेरा-तेरा सेवा दल और छत्तीसगढ़ सिख संगठन ने मिलकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया। दल के बलविंदर सिंह कलसी ने बताया कि शाम 7 बजे लोग बड़ी संख्या में इकट्ठे हुए।

**रायपुर।** पंडरी स्थित गुरु गोविंद नगर गुरुद्वारा में जन्म दिहाड़े का मुख्य कार्यक्रम हुआ। सुबह 4 बजे अमृत वेला में पुष्पवर्षा और सतनाम वाहेगुरु के जयकारों के बीच श्रीगुरुग्रंथ साहिब का प्रकाश किया गया। इसी के साथ संगतों के गुरुद्वारे में मत्था टेकने का सिलसिला शुरू हो हुआ, जो दिनभर जारी रहा। सुबह 9 बजे से मुख्य कीर्तन समागम में श्रीगंगानगर राजस्थान के गगनदीप सिंह, गुरुद्वारा शीशगंज दिल्ली के हजूरी रागी गुरफतेह सिंह के साथ पंडरी गुरुद्वारा के हजूरी रागी हरविंदर सिंह, ग्रंथी हरमिंदर सिंह और अमर सिंह गुरु के संदेशों और सीखों से संगत को निहाल करते रहे। यहां खालसा टाटीबंध गुरुद्वारा में सुबह 9.30 बजे से महिलाओं द्वारा सत्संग-कीर्तन किया गया। गुरुद्वारा के सचिव चरणजीत सिंह परमार ने बताया कि हजूरी रागी नितिनदीप सिंह और पंजाब के ज्ञानी हरदीप सिंह ने गुरुवाणी का पाठ किया। इसके अलावा मोवा, श्यामनगर, आमानाका और हीरापुर समेत सभी गुरुद्वारों में विशेष दीवान हुए। दिनभर गुरु का लंगर चलता रहा।

### 60 फीट ऊंचा निशान साहिब

स्टेशन रोड गुरुद्वारा गुरुसिंह सभा ने 60 फीट ऊंचा निशान साहिब लगवाया है। पहले इसकी ऊंचाई 20 फीट थी। गुरुद्वारे के प्रधान सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने बताया कि गुरुओं ने गुरु घर के बाहर निशान साहिब की परंपरा शुरू की थी। सचिव तेजिंदर सिंह होरा ने बताया कि गुरुद्वारे को रंगबिरंगी लाइट से सजाया गया था।





### रागी जत्थे ने किया शबद पाठ

तेलीबांधा स्थित गुरुद्वारे में बच्चों ने कीर्तन किया। इसके बाद हजूरी रागी जत्थे ने शबद पाठ किया। गुरुद्वारे के प्रधान हरकिशन सिंह ने बताया कि दो दिवसीय समागम का आयोजन किया गया। प्रकाश पर्व पर दिनभर संगत मत्था टेकने पहुंची। शाम को हजूरी रागी बाजसिंह और पंजाब के गुरबीर सिंह के जत्थे का कीर्तन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।

## धर्म लाइव

# बच्चों ने जाना गौ सेवा का धार्मिक महत्व, गाय की रक्षा का लिया संकल्प



**रायपुर।** स्कूल के बच्चों में गौ सेवा की भावना जागृत करने के उद्देश्य से श्री शंकरा विद्यालय के सभागार गाय धर्म और विज्ञान पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के वक्ता राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य और गौ सेवा गतिविधि के संयोजक विजय अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ द्वारा किया गया। विजय अग्रवाल ने अपने व्याख्यान में गायों के धार्मिक महत्व को बताते हुए कहा कि सनातन धर्म में गायों की पूजा की जाती है एवं उनका संबंध विज्ञान से भी है। उन्होंने विद्यालय के छात्रों को संकल्प दिलाया कि वे भी गायों के संरक्षण में अपना योगदान देंगे तथा अपने आस-पास के लोगों को भी इस विषय पर जागृत करेंगे।

### गाय, धर्म और विज्ञान पर दिया व्याख्यान

इस आयोजन पर शाला के प्राचार्य बिपिन देशमुख ने अपने वक्तव्य में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि गाय हमारी माता है जिसकी रक्षा करना हमारा परम धर्म है। इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी बच्चों को दी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के उप प्राचार्य विजयन बी एवं प्रधान पाठिका शोभा नायर व शीजा जॉन एवं अन्य शिक्षक भी उपस्थित थे। विद्यालय के सचिव एस स्वामीनाथन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए बच्चो को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

## भगवान को ठंड से बचाने गर्म शॉल, गुनगुने पानी से स्नान भी....



**रायपुर।** राजधानी में शाम और रात के वक्त ठंड बढ़ने का असर अब देवालयों में विराजे भगवान पर भी देखने को मिल रहा है। इन दिनों भगवान को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़े पहनाए जा रहे हैं। गोपाल मंदिर, दूधाधारी मठ सहित देवी मंदिरों में प्रतिदिन शाम 7 से सुबह महाभिषेक तक भगवान को शॉल ओढ़ाई जा रही है।



# श्रीराम जब आधार होंगे तो जीवन और जन्म धन्य हो जाएगा

**रायपुर।** जीवन में जो समय मिला है, उसका सदुपयोग करो, दूसरे के गुण और दोष देखने के चक्कर में मत पड़ो, नहीं तो दुर्भाग्य आ जाएगा, यह ध्यान रखना। उसका कारण क्या है, जो समय मिला है, उसका हर क्षण भगवत कथा, सेवा और प्रेम में लगा दो। सेवा करते रहना चाहिए, कभी उसे दिखाना नहीं चाहिए। आधार केवल राम होना चाहिए, राम जब आधार होंगे तो जीवन और जन्म दोनों धन्य हो जाएगा। यदि सत्संग से हमें जीवन में कुछ न मिले तो सत्संग की कोई आवश्यकता नहीं है।

### कहीं भटकने की आवश्यकता नहीं



भाईजी ने बताया कि गोस्वामी तुलसीदासजी ने मां सीता से कहा कि आप पहले मां बन जाएं, इसके पीछे जो पूरे विश्व में सामने बैठे हुए हैं, वह आपका लौकिक स्वरूप हैं। बूंद, समुद्र और लहर में कोई अंतर होता नहीं है। समुद्र में भी जल है, लेकिन समुद्र की सीमाएं असीम होती हैं, इसलिए उसे समुद्र कहा जाता है। समुद्र में जब ज्वार-भाठा आता है तो ऊंची-ऊंची लहरें उठती हैं और तट से टकराकर जब वह छिटकती हैं तो वह अनंत बूंदें बन जाती हैं, यही स्थिति जीव की है। जब जीव के अंदर समुद्र का अनंत समाहित हो गया तो फिर आपको और कहीं भटकने की आवश्यकता नहीं है।

मैक कॉलेज ऑडिटोरियम समता कॉलोनी में कथा सत्संग के दौरान मैथिलीशरण भाईजी ने सीताजी के प्रसंगों को उद्धत करते हुए बताया कि पार्वतीजी की वंदना करते समय मानस में यह कहा गया है कि क्या आप हिमालय की पुत्री हैं, शंकरजी की प्रिया हैं, गणेश और कार्तिक की मां हैं, लेकिन सीताजी की कृपा के बगैर निर्मल मति की प्राप्ति नहीं हो सकती। मति या बुद्धि केवल कहें जो रावण के पास जितनी बुद्धि है, उतनी बुद्धि तो उस काल में किसी के पास नहीं थी, जिसे सारे वेद कंठस्थ थे। कंठस्थ कर लेना अलग बात है और हृदयस्थ कर लेना अलग। किसी की स्मरण शक्ति बहुत अच्छी हो सकती है, उसे अनेक ग्रंथ याद हो सकते हैं, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह नहीं है कि आपको याद कितना है, महत्वपूर्ण यह है कि धारण कितना किया है और जिसने धारण कर लिया तो समझो धन्य हो गया।

### प्रेम का वास्तविक स्वरूप दिखाई देता है

भाईजी ने कहा कि जनकसुता, आप जनकजी की पुत्री हैं, फिर कहा, जगत जननी जानकी-आप सारे संसार की मां हैं, तो भगवान राम को भूल गईं क्या? तो गोस्वामी तुलसीदासजी ने कहा कि मां उनसे संबंध आपका बाद में होगा, पहले हम बच्चों का ध्यान रखिए। मां की पिधान्ता, उसके स्मृति की पिधान्ता, स्त्री के प्रेम की पिधान्ता पति में नही होती, बच्चे में होती है। जो संसार पति-पत्नी के संबंध को प्रेम मानता है, पुत्र लौकिक व्यवस्था मानता है, प्रेम का वास्तविक स्वरूप तब दिखाई देता है, जब मां अपने पति की बात की अवहेलना कर अपने बच्चे को गले से लगा लेती है। बच्चा अगर रो रहा है, पति कार्यालय जा रहा है, उसका टिफिन देना है उसको बीच टेबल पर रख दिया जाएगा और उनको आज्ञा दे दी जाएगी, आपका अपना टिफिन उठा लीजिएगा, क्योंकि मैं अपने रो रहे बच्चे को हृदय से लगाने जा रही हूं।

## सिटी इवेंट

# प्रदर्शनी में मनोरंजक गेम्स का उठाया लुत्फ, महिलाओं ने खरीदे हर्बल प्रोडक्ट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज की जिला महिला विंग द्वारा रविवार को आत्मनिर्भर महिलाओं के स्वनिर्मित उत्पादों को बड़ा बाजार उपलब्ध करवाया गया। उनके पारंपरिक व फैंसी उत्पादों को लोगों ने खूब पसंद किया। यह अवसर नववर्ष व मकर संक्राति के उपलक्ष्य पर यह प्रदर्शनी आयोजित की गई थी। प्रदर्शनी में 36 स्टॉल लगाए गए। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से आत्मनिर्भर महिलाएं उत्साह के साथ शामिल हुईं।

### स्वनिर्मित उत्पाद आकर्षण का केन्द्र

स्टॉलों में धान व सुतली से निर्मित ज्वेलरी, हर्बल हेयर ऑयल, साबुन, परफ्यूम, कपड़े, चादर, गर्म कपड़े, भगवान के पोशाक, हेण्डीक्राफ्ट, आचार, पापड़ मुखवास, मैगी, तिल-गुड़ के लड्डू के अलावा अन्य स्वनिर्मित उत्पाद आकर्षण का केन्द्र रहे, वहीं छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा-चिला, तिल-गुड़ लड्डू, गुपचुप का लोगों ने लुत्फ उठाया। इसके अलावा मनोरंजक गेम का खूब आनंद लिया। प्रदर्शनी का विधायक गजेन्द्र यादव ने दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। इस दौरान श्री यादव ने प्रदर्शनी का निरीक्षण किया और आत्मनिर्भर महिलाओं के उत्पादों की सराहना की।

## जैनम मानस भवन में श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के पांचवे दिन भागवताचार्य रमेश भाई ओझा के प्रवचन

# अलौकिक सुख जो आनंद दे, उसका जाप करो

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** जैनम मानस भवन में श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ के पांचवे दिन भगवताचार्य रमेश भाई ओझा ने कहा, जो तुम्हारी रस में स्थिति कर दे, वही कथा है। रस मतलब श्रीकृष्ण। नीरस जीवन को सरस बना दे, वह है कथा। यदि रस नहीं रहे तो नीरसता आ जाती है और जीवन में तनाव उत्पन्न हो जाता है। यदि श्रोताजन कथा में रस का अनुभव नहीं कर रहे हैं तो ऊंघने लगते हैं और कुछ देर बाद ताली बजाना शुरू कर देते हैं, मतलब कथाकार के लिए संकेत हो जाता है कि अब बंद भी करो। रस आता है तो मधुर कृष्ण आते हैं। उस रस का अनुभव किया तो वह आनंद से भर जाएगा।


रस तो रासगरबा में भी मिलता है, आज रासगरबा में कथा से ज्यादा भीड़ जुटती है, लेकिन वह सामान्य रस है, भागवत कथा से मिला रस अलौकिक होता है। भगवान का



नाम सबसे मधुर होता है। इस मधुर नाम गोविंद, माधव का जाप करो। अलौकिक सुख जो आनंद दे, उसका जाप करो। ब्रह्मानंद क्षणिक नहीं हैं। सदगुरु के पास हैं ब्रह्मानंद। यही असली सुख है। कथा में से क का अर्थ है रस, मतलब श्रीकृष्ण। वहीं मथुरा के कंस के संदर्भ में बताया कि जो सुखों का नाश करे, दुखी करे, वही कंस है। अभिमानी की महत्वाकांक्षा बहुत मजबूत होती है। मैं, मेरा और तेरा का भेद ही अहंकार है। ये जो भेद है, यही माया है, इसका विषयानंद क्षणिक होता है, इसलिए कि इसका परिणाम है विष। इसलिए रसास्वरूप भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति व जाप करें।

### चाह नहीं, राह गलत थी

रामायण के संदर्भ में उन्होंने बताया कि भाई रावण सीता को चाहता है और बहन शूर्पनखा राम को चाहती है। चाह हमारी भी वही, लेकिन उनकी चाहत को हम गलत ठहराते हैं। चाह उनकी भी गलत नहीं थी, राह गलत थी। जो राह उन्होंने चुनी, वह गलत थी। रावण ने सोचा, साधु बनूंगा तो शांति मिलेगी..हरण के लिए। शूर्पनखा ने सोचा, सुंदरी बनूंगी..वरण के लिए, लेकिन रावण नकली साधु बना, यदि वह असली साधु बनता तो जीवन में त्याग होता और तब भोग नहीं योग होता, जीवन में शांति होती। रावण के जीवन में कोई सद्गुरु नहीं था। ठीक वैसे ही राक्षसी शूर्पनखा ने सुंदरी बनने के लिए कपट का मार्ग चुना। कपट और छल से परमात्मा नहीं मिलते। परमात्मा तो मिलते हैं शबरी जैसे निष्कपट प्रेम से।



## सिटी स्पोर्ट्स

### हाटकेश्वर नाथ वॉलीबॉल टीम ने दुबई में मारी बाजी, उत्तरप्रदेश उपविजेता



**रायपुर।** मास्टर गेम्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ एवं हाटकेश्वर नाथ वॉलीबॉल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय वॉलीबॉल मैच के समापन पर सोमवार को सेमीफाइनल और फाइनल के मैच खेले गए। सुबह सेमीफाइनल के मैच में सर्वप्रथम हाटकेश्वर नाथ वर्सेस उत्तरप्रदेश का मैच खेला गया, जिसमें उत्तरप्रदेश की टीम तीन सेट के मैच में लगातार 2-0 से विजेता रही। दूसरे सेमीफाइनल का मैच दुबई वर्सेस पंजाब के बीच खेला गया, जिसमें दुबई की टीम तीन सेट के मैच में 2-0 से विजेता रही। संध्याकाल में फाइनल मैच ओपन महिला वर्ग में कोलकाता वर्सेस आगरा की टीम के बीच खेला गया। 5 सेट के मैच में आगरा लगातार 3-0 से विजेता रही। तत्पश्चात 40 प्लस पुरुष वर्ग का मैच दुबई वर्सेस उत्तरप्रदेश के बीच खेला गया। 5 सेट के इस मैच में दुबई टीम 3-1 से विजेता रही। फाइनल मैच के दौरान मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विशिष्ट अतिथि मीनल चौबे रहीं। पुरुष वर्ग का प्रथम पुरस्कार दुबई टीम को 51000 एवं ट्रॉफी, द्वितीय पुरस्कार उत्तरप्रदेश के टीम को 31000 एवं ट्रॉफी, महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 31000 रुपए एवं ट्रॉफी आगरा टीम को एवं उपविजेता कोलकाता की टीम को द्वितीय पुरस्कार 21000 रुपए एवं ट्रॉफी प्रदान किया गया। हाटकेश्वर नाथ वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष सईद अनवर अली ने भी अपने उद्बोधन में प्रतिवर्ष वॉलीबॉल खेल आयोजित करने की बात कही।

### बॉडी बिल्डिंग में दुर्गेश साहू को मिस्टर रायपुर का खिताब



**रायपुर** जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में मिस्टर रायपुर और मिस छग बॉडी बिल्डिंग चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। रायपुर जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के सचिव मानिक ताम्रकार ने बताया कि सभी विजेता बॉडी बिल्डर्स को रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। श्री अग्रवाल ने बताया कि रायपुर में यदि बॉडी बिल्डिंग को कोई जीवित रखा है तो सचिव मानिक ताम्रकार का इसमें योगदान आता है। विशेष अतिथि शिवमोहन शुक्ला और संजय शर्मा अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक जिला जिम एसोसिएशन के पोषण बांधे एवं प्रोटीन विला के मालिक दुर्गेश साहू ने मि. रायपुर और मि. छत्तीसगढ़ बने रायपुर के विद्या तांडी, मि. जूनियर छग का खिताब छबिलाल निषाद और बेस्ट पोजर भगवती प्रसाद ध्रुव बने। उसी प्रकार मेंस फिजिक स्पोर्ट्स रायपुर भरत मंडावी और मेंस फिजिक स्पोर्ट्स छग अजीत कांसकर बने। मि. रायपुर के परिणाम 50 किलो में मिथिलेश कुमार, शुभम साहू, चैतन्य दीप, 55 किलो में परमानंद तांडी, सूर्या क्षत्रिय अजीत कांसकर, 60 किलो में विद्या तांडी, ललित तांडी, अक्षय सोनकर, 65 किलो में रक्षित पाण्डेय, प्रवीण द्विवेदी, सौरभ तांडी, 70 किलो में भगवती प्रसाद ध्रुव, मेहताब आलम, रवि नायक, 70 किलो से ऊपर दीनू गेंदरे, राहुल बाघ, राहुल दीवान, मेंस फिजिक स्पोर्ट्स में छोटू बाघ, रवि ठाकुर, मेहताब आलम, मोहन कुमार, अजीत कांसकर, जूनियर छग में 55 किलो में अजीत कांसकर प्रथम रहे।

### छत्तीसगढ़ के विरुद्ध कर्नाटक ने 2 विकेट से जीता मैच



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा वुमेंस अंडर-23 टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच 6 जनवरी को कटक में कर्नाटक अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर-23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 4 विकेट खोकर 116 रन बनाए। छत्तीसगढ़ की ओर से ऐश्वर्या सिंह ने नाबाद 50 रन तथा मिताली शर्मा ने नाबाद 24 रन बनाए। कर्नाटक अंडर-23 टीम की ओर से सलोनी ने 2 विकेट लिए। 117 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्नाटक अंडर-23 की टीम ने 19.2 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाकर मैच जीत लिया। कर्नाटक की ओर से सलोनी ने नाबाद 24 रन, प्रेरणा, रोशनी तथा सौम्या ने 21-21 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से साक्षी शुक्ला ने 4 विकेट तथा शिवानी यादव ने 3 विकेट लिए। कर्नाटक ने मैच 2 विकेट से जीत लिया।

## दुनिया भर में बड़ी आबादी हेपेटाइटिस, फैटी लीवर रोग से पीड़ित

# फैटी लिवर की बीमारी में दवा की तरह काम करेगा इनका जूस, जानें पीने का समय और तरीका

*लिवर शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। यह पाचन, चयापचय और शरीर की गंदगी को भी बाहर निकलाने का काम करता है। हालांकि, दुनिया भर में बड़ी आबादी हेपेटाइटिस, फैटी लीवर रोग और लीवर सिरोसिस जैसी लिवर की बीमारियों से पीड़ित है। फैटी लिवर की बीमारी वाले लोगों में लिवर में फैट जमा होने लगती है जो लिवर के फंक्शन को प्रभावित करती है।*





### पालक का जूस

पालक का जूस लिवर में जमा फैट को बाहर निकालने में मदद करता है और लिवर के फंक्शन को बेहतर बनाता है। पालक का जूस लिवर के सेल्स तक पहुंचता है और फैट और टॉक्सिक या शरीर की गंदगी को बाहर निकालने का काम करता है। पालक का जूस लिवर के लिए डिटॉक्सिफ़ाइंग एजेंट के रूप में काम करता है। यह जूस पेट के लिए भी फ़ायदेमंद है क्योंकि यह कब्ज़ और आंतों की समस्याओं में मदद करता है।

### नींबू का जूस

नींबू का जूस लिवर को डिटॉक्स करने और इसकी फंक्शन को बेहतर बनाने का एक शानदार तरीका है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है। जो दोनों ही स्वस्थ लिवर के लिए ज़रूरी हैं। नींबू का जूस पाचन को बेहतर बनाने और सूजन को कम करने में भी मदद करता है।

### गाजर का जूस

गाजर में बीटा-कैरोटीन भरपूर मात्रा में होता है जो शरीर में जाकर विटामिन ए में बदल जाता है। विटामिन ए लीवर के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह लीवर को नुकसान से बचाने में मदद करता है। गाजर का जूस पाचन और डिटॉक्सिफिकेशन में भी मदद करता है।

### चुकंदर का जूस

चुकंदर का जूस लिवर को डिटॉक्स करने का एक बेहतरीन तरीका है। इनमें एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं और ये खून को साफ करने में मदद करते हैं। ये शरीर की गंदगी को बाहर निकालने का काम करता है। लिवर के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अपने डाइट में चुकंदर का जूस शामिल करें।

# सफेद कपड़ों में दिखने लगा है पीलापन तो ऐसे करें क्लीनिंग

सफेद कपड़े समय के साथ पीले पड़ जाते हैं। इसकी कई वजहें हो सकती हैं जैसे कि धूप, पसीना, या फिर डिटर्जेंट का गलत इस्तेमाल। सफेद कपड़ों में अगर पीलापन आ जाए तो ये काफी भद्दे नजर आने लगते हैं। सफेद कपड़ों की अगर सही तरीके से वॉशिंग और क्लीनिंग की जाए तो लंबे अर्से तक उनकी सफेदी और चमक को बरकरार रखा जा सकता है।

बहुत से लोगों को सफेद कपड़े पहनने का शौक होता है, लेकिन इन कपड़ों का मेंटेनेंस बहुत मुश्किल काम होता है। आइए जानते हैं सफेद कपड़ों को क्लीन करने के टिप्स जिससे उनकी वाइटनेस और चमक बरकरार रहे।



**नींबू का रस:** नींबू में प्राकृतिक ब्लीचिंग गुण होते हैं। एक बाल्टी गर्म पानी में नींबू का रस निचोड़ें। पीले कपड़ों को इसमें कुछ देर भिगोकर रखें। फिर सामान्य तरीके से धो लें।

**सफेद सिरका:** सिरका गंदगी और बदबू को दूर करने में मदद करता है। धोने वाले पानी में आधा कप सफेद सिरका मिलाएं। कपड़ों को इसमें कुछ देर भिगोकर रखें। फिर सामान्य तरीके से धो लें।

**बेकिंग सोडा:** बेकिंग सोडा एक प्राकृतिक क्लीनर है। धोने वाले पानी में दो चम्मच बेकिंग सोडा मिलाएं। कपड़ों को इसमें कुछ देर भिगोकर रखें। फिर सामान्य तरीके से धो लें।

**हाइड्रोजन पेरॉक्साइड:** हाइड्रोजन पेरोक्साइड एक मजबूत ब्लीच है। गर्म पानी में थोड़ा सा हाइड्रोजन पेरॉक्साइड मिलाएं। कपड़ों को इसमें कुछ देर भिगोकर रखें। फिर सामान्य तरीके से धो लें।

### कुछ अतिरिक्त टिप्स

**कपड़ों को अलग करें:** रंगीन कपड़ों को सफेद कपड़ों से अलग धोएं।
गर्म पानी का इस्तेमाल करें: गर्म पानी ठंडे पानी की तुलना में दाग और पीलेपन को बेहतर ढंग से हटाता है।
**कपड़ों को तुरंत धोएं:** दागों को जितनी जल्दी हो सके धो लें।
कपड़ों को उल्टा करके धोएं: इससे कपड़े कम खराब होते हैं।
**ध्यान दें:** इन उपायों को आजमाने से पहले हमेशा कपड़े के लेबल को ध्यान से पढ़ें। कुछ कपड़े इन उपायों के लिए उपयुक्त नहीं हो सकते हैं।

# इन लोगों का 'कट्टर दुश्मन' है अमरूद, खाएंगे तो बढ़ सकती हैं तकलीफ...

अमरूद एक बेहद पौष्टिक और स्वादिष्ट फल है, इसे काफी लोग खाना पसंद करते हैं। खासकर जिनका पाचन तंत्र कमजोर है, उनके लिए ये किसी आयुर्वेदिक औषधि से कम नहीं है7 इस फ्रूट में विटीमिन बी6, विटामिन सी, विटामिन के, फाइबर, पोटैशियम, फॉस्फोरस, कैल्शियम, आयरन, जिंक, कॉपर, कार्बोहाइड्रेट, एंटीडायबिटिक, एंटी-डायरियल, एंटीमाइक्रोबियल और एंटीफंगल गुण पाए जाते हैं। इतने न्यूट्रिएंट्स मौजूद होने के बावजूद ये फल हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं है। आइए जानते हैं कि किन लोगों को अमरूद खाने से परहेज करना चाहिए।



**सर्दी-जुकाम :** अमरूद की तासीर ठंडी होती है, इसलिए जो लोग सर्दी-खांसी और जुकाम जैसी परेशानियों का सामना कर रहे हैं उन्हें अमरूद का सेवन बिलकुल नहीं करना चाहिए, क्योंकि फिर आपको ठीक होने में लंबा वक्त लग जाएगा।

**एक्जिमा :** एक्जिमा का सामना कर रहे लोगों को भी अमरूद नहीं खाना चाहिए, ऐसा इसलिए है क्योंकि इसके सेवन से स्किन में इरिटेशन और खुजली हो सकती है। ऐसे में आपको अमरूद के पत्तों को भी नहीं खाना चाहिए।

**गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल प्रॉब्लम ;** अमरूद हमारी सेहत के लिए लाभकारी है, लेकिन जो लोग गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल प्रॉब्लम का सामना कर रहे हैं, उन्हें इस फल से दूरी बना लेनी चाहिए क्योंकि इससे पेट दर्द और उल्टी की शिकायत हो सकती है।

**गर्भवती महिलाएं :** प्रेग्नेंट महिलाएं और ब्रेस्टफीडिंग कराने वाली मां को अमरूद से दूरी बना लेनी चाहिए। इससे उनके और बच्चे की सेहत को नुकसान पहुंच सकता है।

**सर्जरी कराने वाले लोग :** अगर आपका कोई ऑपरेशन या सर्जरी होने वाली है तो करीब 2 हफ्ते पहले से ही अमरूद खाना छोड़ देना चाहिए, क्योंकि इस फल के सेवन से ब्लड सर्कुलेशन में दिक्कत आ सकती है।



# सर्दी में घर पर इस्तेमाल कर रहे हैं रूम हीटर तो सुरक्षा का भी रखें ध्यान

सर्दी के दिनों में बहुत से घरों में रूम हीटर का इस्तेमाल किया जाता है। इसके इस्तेमाल से कमरे की ठंडक खत्म हो जाती है और सर्दी का एहसास नहीं होता है। रूम हीटर वैसे तो बहुत काम की चीज है, लेकिन इसके इस्तेमाल के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए। रूम हीटर यूज करने के दौरान की गई लापरवाही कई बार मुसीबत का सबब बन जाती है। रूम हीटर इस्तेमाल के दौरान सेहत के लिहाज से भी कई बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। आइए जानते हैं रूम हीटर उपयोग के दौरान बरती जाने वाली जरूरी सावधानियां जिससे सेहत और सुरक्षा पर नकारात्मक असर न पड़े।

### रूम हीटर उपयोग के सुरक्षित तरीके

ज्वलनशील पदार्थों से दूर रखें: हीटर को कभी भी पर्दों, कपड़ों, बिस्तर, या किसी अन्य ज्वलनशील पदार्थ के पास न रखें। कम से कम 3 फीट की दूरी बनाए रखें।

बच्चों और पालतू जानवरों से दूर रखें: बच्चों और पालतू जानवरों को हीटर से दूर रखें। वे अनजाने में हीटर को छू सकते हैं या उसके साथ खेल सकते हैं, जिससे आग लगने का खतरा बढ़ जाता है।



हीटर को अनप्लग करें: जब आप कमरे से बाहर जाएं या सोने जाएं तो हीटर को अनप्लग करना न भूलें।

खराब हीटर का इस्तेमाल न करें: अगर हीटर खराब है या उसमें कोई गड़बड़ी है तो उसका इस्तेमाल न करें।

हीटर को स्थिर जगह पर रखें: हीटर को चलते समय हिलाएं नहीं।

अच्छी गुणवत्ता वाले हीटर का इस्तेमाल करें: एक विश्वसनीय ब्रांड का हीटर चुनें और सुनिश्चित करें कि यह सुरक्षा मानकों को पूरा करता हो।

कमरे में हवा का आदान-प्रदान करें: हीटर चलाते समय कमरे में हवा का आदान-प्रदान करते रहें। इससे कार्बन मोनोऑक्साइड जैसी जहरीली गैसों का खतरा कम हो जाता है।

अस्थमा या अन्य श्वसन समस्याओं वाले लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए: अगर आपको अस्थमा या अन्य श्वसन समस्याएं हैं तो हीटर का इस्तेमाल करते समय विशेष सावधानी बरतें।

### अन्य सावधानियां

हीटर को अच्छी तरह से स्थापित करें: सुनिश्चित करें कि हीटर को एक स्थिर सतह पर रखा गया है और यह सीधा खड़ा है।
हीटर को पानी या अन्य तरल पदार्थों से दूर रखें: हीटर को पानी या अन्य तरल पदार्थों से दूर रखें।
हीटर का इस्तेमाल करते समय आसपास धूम्रपान न करें।
हीटर को नियमित रूप से साफ करें: हीटर को नियमित रूप से साफ करें ताकि उसकी दक्षता बढ़े और आग लगने का खतरा कम हो।
याद रखें: रूम हीटर एक उपयोगी उपकरण है, लेकिन इसे सावधानीपूर्वक इस्तेमाल करना महत्वपूर्ण है। इन सावधानियों को ध्यान में रखकर आप खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते हैं।

## कार्नर न्यूज

### मुख्य कारण है निकोटीन की लत लगना जिसको खत्म करना बेहद मुश्किल

# स्मोकिंग छोड़ने का ये फॉर्मूला जरूर करें ट्राई

*जब आप स्मोकिंग छोड़ने का फैसला करते हैं तो सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि इससे क्या-क्या फायदे होंगे। कुछ लोगों को स्मोकिंग छोड़ने पर शरीर पर कुछ हल्के लक्षण दिखाई देते हैं। स्मोकिंग छोड़ने के लक्षण पर्सन टू पर्सन अलग होते हैं। कई बार यह काफी चुनौतीपूर्ण हो सकते हैं। कई लोगों को लगता है कि स्मोकिंग छोड़ने के कुछ दिनों के बाद सब नॉर्मल हो जाता है लेकिन सभी लोगों के साथ ऐसा नहीं होता है। स्मोकिंग छोड़ने के बाद कुछ लोगों पर इसके कुछ साइड इफेक्ट्स दिखाई देते हैं।*

### दोस्त और परिवार की लें मदद

कई बार आपका वातावरण आपको किसी काम को करने का मोटिवेशन देता है। जैसे कि अगर आप सिगरेट या कोई दूसरी लत छोड़ने की कोशिश में हैं तो अपने आस-पास के दोस्तों या परिवार के लोगों को कहें कि सिगरेट की लत छुड़ाने में वो मदद और मोटिवेट करें। पहले सिगरेट की संख्या पर अंकुश लगाएं और फिर धीरे-धीरे टोकते और समझाते हुए सिगरेट की लत को छोड़ने में साथ दें।

### ट्रिगर करने वाली चीजों से बचें

शराब पीने पर हो सकता है कि आपको सिगरेट पीने की भी तलब हो। ऐसे में इससे बचें। ऐसी संगत या कमरे का कोई ऐसा कोना, कोई ऐसी याद जो आपको सिगरेट के करीब ले जाती हो उससे बचने की कोशिश करें। कमरे की सफाई मेंटेन रखें, सिगरेट ऐश ट्रे सबसे पहले हटा दें ताकि सिगरेट की महक भी आपको न लगे।



### डॉक्टर से लें स्पोर्ट

अगर आपने तय किया है कि आप सिगरेट छोड़ देंगे तो ऐसे में डॉक्टर आपकी मदद कर सकते हैं। डॉक्टर से परामर्श करके सिगरेट छुड़ाने वाले ऐप, क्लासेज, काउंसलिंग, टिप्स आदि की जानकारी ले सकते हैं। इसके अलावा आप निकोटिन रिप्लेसमेंट गम, पैच आदि का इस्तेमाल भी कर सकते हैं।

### फल और सब्जियों का करें सेवन

जब भी आपको लगे कि अब सिगरेट पीने का मन हो रहा है तो ध्यान भटकाएं, सिगरेट की जगह कुछ हेल्दी का खा-पी लें। ये आदत आपके शरीर को हेल्दी फूड खाने की आदत को स्वीकारने में मदद करेगा और धीरे-धीरे इसका लाभ नजर आएगा।

### वर्कआउट करें

अगर आप फिजिकली एक्टिव रहेंगे तो यकीन मानिए कि सिगरेट की लत को छोड़ने में काफी मदद मिलेगी। फिजिकली फिट रहना, अच्छा खाना, अच्छी नींद लेने की आदत बन जाएगी को खुद ही कभी बुरी आदतों के पास नहीं लौटना चाहेंगे।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'ड्यूनः पार्ट 2' की शूटिंग के दौरान जेंडया की हालत हो गई थी खराब



हॉलीवुड एक्ट्रेस जेंडया ने हाल ही में खुलासा किया है कि 'ड्यूनः पार्ट टू' की शूटिंग के दौरान हेल्थ से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा था। इस हॉलीवुड मूवी की शूटिंग सुदूर रेगिस्तानी एरिया में हुई थी। उन्होंने याद किया कि जॉर्डन में शूटिंग करते समय उन्हें हीटस्ट्रोक हुआ था। वहां पर बाथरूम बहुत दूर थे और इसलिए उन्होंने पानी नहीं पिया। जिस वजह से उनकी हालत खराब हो गई। 28 साल की हॉलीवुड एक्ट्रेस ने कहा, 'बहुत गर्मी थी और मुझे याद है कि मैं सोच रही थी कि अरे यार, बाथरूम तो बहुत दूर है। क्योंकि हमें लोकेशन तक हाइक करके जाना था। अगर आपको बाथरूम जाना है तो कॉस्ट्यूम से निकलने में कम से कम 10 मिनट लगेंगे।' जेंडया ने आगे कहा, 'मैं यही सोच रही थी कि मुझे ज्यादा पानी नहीं पीना चाहिए। मुझे सेट पर कॉस्ट्यूम में वॉशरूम जाने या खुद को गंदा करने का बहुत डर था। एक दिन मैंने पर्याप्त पानी नहीं पिया और मुझे हीटस्ट्रोक हो गया। मुझे बहुत उल्टी आ रही थी। मुझे याद है कि मैंने बाथरूम में अपनी मां को पुकारा और कहा, 'मुझे बहुत अजीब लग रहा है। उन्होंने पूछा, 'क्या तुमने आज पानी पिया?' मैंने कहा नहीं। मुझे लगा कि मैं होशियार बन रही हूं, लेकिन तुम ऐसा नहीं कर सकते। तो, सबक सीखा।' बता दें कि जेंडया ने 'ड्यून' के दोनों पार्ट्स में चानी की किरदार निभाया है। उन्होंने तीसरे पार्ट के लिए भी दिलचस्पी दिखाई है। ये फ्रैंक हर्बर्ट के Dune Messiah पर बेस्ड होगा। इस फ्रेंचाइजी की प्रीक्वल सीरीज 'ड्यूनः प्रोफेसी' हाल ही में रिलीज हुई है।

### टॉलीवुड


## 'दंगल' के बाद अब चीन में छाई एक और फिल्म, थिएटर में रोते दिखे लोग



साल 2016 में आई आमिर खान की फिल्म 'दंगल' आज भारत की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी हुई हैं। इसमें चीन का सबसे बड़ा हाथ है, क्योंकि वर्ल्डवाइड कमाई में फिल्म का एक बड़ा हिस्सा चीन से हैं। 'दंगल' के बाद अब 'महाराजा' का जलवा चीन में दिख रहा हैं। पिछले साल 14 जून को रिलीज हुई विजय सेतुपति और अनुराग कश्यप की फिल्म 'महाराजा' को भारत में काफी पसंद किया गया था. अब इस फिल्म को चीन के सिनेमाघरों में उतारा गया हैं। फिल्म ने चीनी बॉक्स ऑफिस पर 31 दिनों में ही 91.55 करोड़ की कमाई करने में सफलता हासिल की हैं। इसके साथ ही फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 199 करोड़ और ओवरसीज कलेक्शन लगभग 115 करोड़ हो गया हैं। इंडिया में इसका नेट कलेक्शन 72.43 करोड़ हैं। इस फिल्म को बनाने में मेकर्स के लगभग 20 करोड़ रुपए खर्च हुए थे और अगर इसकी कमाई पर नजर डालें तो मेकर्स को 10 गुना का मुनाफा हुआ है और इसमें सबसे बड़ा हाथ चीन का हैं। यह फिल्म चीन के लोगों को काफी आकर्षित किया हैं। इन दिनों सोशल मीडिया पर चीन के थिएटर्स से कई वीडियो भी वायरल हो रहे हैं, जिसमें दर्शक सिनेमाघरों में 'महाराजा' देखते वक्त रोते हुए भी नजर आ रहे हैं. चीनी दूतावास के अधिकारी के मुताबिक, यह चीन में बीते 5 साल में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बनकर उभरी हैं। बता दें, 'महाराजा' निथिलन समिनाथन द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म हैं। इसे द रूट, थिंक स्टूडियो और पैशन स्टूडियो द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित किया गया हैं।

### भोजपुरी

## पवन सिंह के गाने 'आरा के ओठलाली' ने बनाया नया रिकॉर्ड



भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह ने नए साल 2025 की धमाकेदार शुरुआत की है। 5 जनवरी को जन्मदिन पर उन्होंने अपना नया गाना 'आरा के ओठलाली' रिलीज किया। दिलचस्प है कि फैंस ने इस गाने को बंपर प्यार दिया है। इस गाने के यूट्यूब पर भोजपुरी म्यूजिक का नया रिकॉर्ड बनाया है। 'आरा के ओठलाली' को 24 घंटे में 5.3 मिलियन यानी 53 लाख से अधिक बार देखा गया है। यह एक दिन में किसी भी नए भोजपुरी गाने को सबसे अधिक बार देखे और सुने जाने का रिकॉर्ड है। 'सारेगामा हम भोजपुरी' चैनल पर रिलीज हुए इस गाने को पवन सिंह और प्रसिद्ध गायिका कल्पना पटवारी ने अपनी आवाज दी है। गाने के बोल आशुतोष तिवारी ने लिखे हैं, जबकि इसका म्यूजिक प्रियांशु सिंह और रजत नागपाल ने कंपोज किया है। 'आरा के ओठलाली' का म्यूजिक वीडियो भी फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इसमें पवन सिंह के साथ नई एक्ट्रेस सोनम मलिक नजर आ रही हैं। सोनम का यह भोजपुरी डेब्यू है और पवन सिंह के साथ उनकी केमिस्ट्री को खूब पसंद किया जा रहा है।

साड़ी के साथ मैचिंग ब्लाउज तो सभी पहनते है लेकिन भीड़ में हटके दिखना चाहती हैं। जिससे सब आपके लुक की तारीफ करें तो कुछ खास कलर की साड़ियों के साथ कंट्रास्ट कलर के ब्लाउज को मैच कर सकती हैं। अगर आपके पास लाल, हरी या किसी भी कलर की साड़ी है तो जान लें कौन से कलर का कंट्रास्ट ब्लाउज दिखेगा अट्रैक्टिव। कांजीवरम या फिर कांचीपुरम साड़ी है तो साथ में पर्पल शेड के ब्लाउज को मैच कर सकती हैं। खुशी कपूर का ये कंट्रास्ट ब्लाउज कलर कॉम्बिनेशन परफेक्ट है। वाइलेट कलर की साड़ी है तो साथ में ग्रीन कलर के ब्लाउज को मैच करें। ये बिल्कुल यूनिक कलर कॉम्बिनेशन है। ग्रीन सिल्क की साड़ी के साथ पर्पल वेलवेट ब्लाउज का ये कॉम्बिनेशन सुंदर है और पहनने पर आप अट्रैक्टिव दिखेंगी। पिंक एंब्रायडरी वाला ब्लाउज है तो उसे गोल्डन या सिल्वर साड़ी के साथ मैच करें।




## लोहड़ी फंक्शन पर पंजाबी टच देने का काम करेंगे ये खूबसूरत डिजाइंस वाले सलवार-सूट






देशभर में 13 जनवरी को लोहड़ी का त्यौहार मनाया जाता है जो सिख समुदाय का प्रमुख त्यौहार है। इस खास मौके पर जहां महिलाएं खूब सजती-संवरती हैं और तो इस दौरान वो पंजाबी लुक भी चाहती हैं। पंजाबी टच पाने के सूट-सलवार बेस्ट ऑप्शन है और इस आर्टिकल में हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले सलवार सूट दिखा रहे हैं जो आप लोहड़ी फंक्शन पर स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सूट में जहां आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा तो वहीं आपका लुक भी रॉयल नजर आएगा।

**सिल्क सूटः** अगर आप लाइट कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह का सिल्क सूट इस खास मौके पर स्टाइल कर सकती हैं। इस दिनों इस तरह का सूट काफी ट्रेंड में है और न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इसे लोहड़ी फंक्शन पर वियर कर सकती हैं। यह सूट आप ऑनलाइन ले सकती हैं साथ ही ऑफलाइन भी आपको ये सूट 2,000 से 3,000 रुपये की कीमत में मिल जाएगा।
इस सूट के साथ आप पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी साथ ही फुटवियर में आप मोजरी स्टाइल कर सकती हैं। वहीं जूती इस आउटफिट को न्यू लुक देने का काम करेगी।

**एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट :** लोहड़ी फंक्शन पर रॉयल लुक पाने के लिए आप इस तरह का सूट भी स्टाइल कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट महिलाएं काफी पसंद करती हैं और इस तरह के सूट में आपका लुक बेहद ही खूबसूरत आता है। एम्ब्रॉयडरी वर्क में आपको सूट कई सारे कलर और डिजाइंस ऑप्शन के साथ मिल जाएंगे। इस सूट के साथ अपना लुक कम्पलीट करने के लिए आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं। वहीं फुटवियर में आप मोजरी स्टाइल कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी में आप इस तरह का सूट भी स्टाइल कर सकती हैं और इस सूट में भी आपका लुक रॉयल लुक नजर आएगा।

**गोटा-पट्टी वर्क सूट :** गोटा-पट्टी वर्क सूट भी इन दिनों काफी ट्रेंड में रहते हैं। अगर आप ब्यूटीफुल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के गोटा-पट्टी वर्क सूट स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगे साथ ही ऑनलाइन भी अप इस तरह के सूट को 2,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ स्टोन वर्क वाली ज्वेलरी साथ ही फुटवियर में आप फ्लैट्स पहन सकती हैं।

**ऑफिस की पार्टी के लिए प्रिंटेड सूट :** अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं कई तरह के प्रिंटेड सूट का भी चुनाव कर सकती हैं। और इस तरह का सूट आप ऑफिस की लोहड़ी पार्टी के दौरान वियर कर सकती है।

## लेटेस्ट पायल डिजाइन्स जो हर मौके पर आपके पैरों पर लगाएंगी चार चांद, सुंदरता हो जाएगी दोगुनी

पायल पहनने से पैरों की सुंदरता में चार चांद लग जाते हैं। ये तो ज्यादातर महिलाएं जानती हैं, लेकिन हर बार एक ही तरह की पायल पहनने में वो मजा नहीं जो बदल-बदलकर नए डिजाइन वाली पायल पहनने में है। आज के दौर में लेटेस्ट डिजाइन्स की पायल का चलन काफी बढ़ भी गया है। इसलिए यहां हम आपको तीन ऐसी खूबसूरत और ट्रेंडी पायल डिजाइन्स के बारे में बता रहे हैं, जो हर मौके के परफेक्ट रहेगी और आप अपनी पुरानी पायल को अलविदा कहकर, इन नए डिजाइन वाली पायलों को पहन सकती हैं।

**मिनिमलिस्ट सिल्वर पायल :** सिंपल और एलीगेंट लुक पसंद करने वाली महिलाओं के लिए मिनिमलिस्ट सिल्वर पायल बेहतरीन विकल्प है। यह पायल हल्की होती है और इसे डेली वियर के लिए भी पहना जा सकता है। मिनिमलिस्ट सिल्वर पायल न केवल पैरों को खूबसूरत बनाती है, बल्कि इसका हल्का डिजाइन आपको कंफर्टेबल फील कराता है।



इस पायल में छोटे-छोटे घुंघरू या सिंपल चेन पैटर्न होते हैं। इसे ऑफिस, कॉलेज या कैजुअल आउटिंग के लिए पहना जा सकता है। इसे ट्रेडिशनल या वेस्टर्न दोनों तरह की आउटफिट्स के साथ आसानी से मैच किया जा सकता है।

**कुंदन और स्टोन्स वाली पायल :** अगर आप किसी शादी, फंक्शन या तीज-त्योहार के लिए पायल खरीदने का सोच रही हैं, तो कुंदन और स्टोन्स वाली पायल एक शानदार ऑप्शन है। यह पायल पैरों को ऐसा ग्लैमरस टच देती है कि हर किसी की नजरें आपकी तरफ रहने लगेगी।

### पायल को स्टाइल करने के टिप्स

- पायल खरीदते समय ध्यान रखें कि वह न ज्यादा टाइट हो और न ही बहुत ढीली।
- अपनी आउटफिट के हिसाब से पायल का चयन करें।
- लंबे समय तक पहनने के लिए हल्की और सॉफ्ट पायल को प्राथमिकता दें।

### चेन-स्टाइल पायल

पायल का महत्व केवल एक गहना होने तक सीमित नहीं है, यह हमारी संस्कृति और परंपरा का हिस्सा भी है। ऊपर बताए गए लेटेस्ट डिजाइन्स न केवल स्टाइलिश हैं, बल्कि हर मौके के लिए उपयुक्त भी हैं। चाहे आप मिनिमलिस्ट लुक चाहें, रॉयल फीलिंग, या मॉडर्न ट्विस्ट, इन डिजाइन्स के साथ आप हर बार आकर्षण का केंद्र बनेंगी। तो देर किस बात की? अपनी पसंदीदा पायल चुनें और अपने पैरों की खूबसूरती को निखारें।

## सिंपल दुपट्टे में लगाएं ये गोटा, हर एथनिक आउटफिट के साथ कर सकती हैं वियर

सिंपल दुपट्टा हर सूट के साथ पहनने के बाद अच्छा नहीं लगता है। कई बार इससे आउटफिट की ग्रेस भी खराब हो जाती है। ऐसे में आप सिंपल दुपट्टे को ही रीक्रिएट करें और उसमें अलग-अलग डिजाइन वाले गोटे को लगाएं। गोटा लगाने से आपके दुपट्टे का लुक ही बदल जाएगा। साथ ही, इसे आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर पाएंगी। चलिए आपको बताते हैं किस तरह के गोटे को आप अपने आउटफिट में लगा सकती हैं।

**मल्टी कलर वाला गोटा :** आप अपने दुपट्टे पर जब मल्टी कलर वाले गोटे को लगाती हैं, तो इससे दुपट्टे मे एक ग्रेस ऐड हो जाता है। इससे दुपट्टा अच्छा लगता है। साथ ही, इस तरह के गोटे के बाद आप इस दुपट्टे को किसी के साथ भी वियर कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे डिजाइन के ऑप्शन मिल जाते हैं। जिसे आप अपनी पसंद के हिसाब से दुपट्टे में लगाकर इसे स्टाइल कर सकती हैं। इसके बाद आपका बाजार से एक अलग दुपट्टा लेने की जरूरत नहीं पड़ती है। इस तरह का गोटा आपको 50 से 60 रुपये मीटर में मिल सकता है।



### कटवर्क डिजाइन वाला गोटा

आप दुपट्टे में कट वर्क वाला गोटा भी लगा सकती हैं। इस तरह के गोटे से भी आपका दुपट्टा अच्छा लगेगा। साथ ही, इसमें आपको अलग-अलग डिजाइन के ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे लगाकर आप अपने दुपट्टे को चेंज कर सकती हैं। इस तरह के कटवर्क वाले गोटे आप जब किनारी पर लगाएंगी, तो इससे आपका दुपट्टा हैवी लगने लगेगा।


### किनारी वर्क वाला गोटा

आप दुपट्टे के लिए किनारी वर्क वाला गोटा खरीद सकती हैं। इस तरह के गोटे भी दुपट्टे में लगने के बाद अच्छे लगते हैं। साथ ही, इससे दुपट्टे को हैवी टच मिलता है।

## सूट संग क्रिएट करें ये ट्रेंडी हेयर स्टाइल हर कोई निहारता रह जाएगा लुक

देशभर में लोहड़ी को पूरे धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस खास दिन पर बीच में आग जलाकर उसके चारों ओर परिक्रमा लगाते हुए पॉपकॉर्न, मूंगफली और रेबड़ी को डाला जाता है। साथ ही, उसी का प्रसाद भी वितरित होता है। हर फेस्टिवल की तरह लोहड़ी पर भी पंजाबी महिलाएं खूब सजती-संवरती हैं।

**यूनिक ऑउटफिट से गॉर्जियस लुक :** किसी भी ऑउटफिट के साथ जबतक हेयर स्टाइल और मेकअप परफेक्ट नहीं होता तब तक लुक निखर कर नहीं आता है। ऐसे में यदि आप लोहड़ी पर खुद को गॉर्जियस लुक देने का सोच रही हैं, तो आपके लिए आज हम कुछ यूनिक और आसान सी हेयर स्टाइल लेकर आए हैं। जिनको



आप खुद से भी बना सकती हैं।

**ब्रेड विद परांदा हेयर स्टाइल :** पंजाबी लोग सलवार-सूट के साथ ब्रेड हेयर स्टाइल और उसमें परांदा लुक को काफी पसंद करते हैं। ऐसे में आप भी यदि इस बार लोहड़ी के मौके पर खुद को पटियाला सूट के साथ पटोला लुक देना चाहती हैं, तो इस तरह से ब्रेड लुक के साथ गोल्डन परांदा ट्राई कर सकती हैं। इस तरह का परांदा आपको बेहद रॉयल लुक देगा। यदि आपके सूट में गोल्डन वर्क है फिर तो यह बेस्ट मैच रहेगा। वरना आप कंट्रास्ट में भी इसे लगा सकती हैं। नई-नवेली दुल्हन इसे क्रिएट कर सकती हैं।

**कर्ल विद हाफ हेयर :** यदि आपके बाल अभिनेत्री की तरह छोटे हैं, तो आप सबसे पहले अपने बालों को कर्ल कर लें। उसके बाद आपको बॉब पिन की मदद से हाफ हेयर लेकर उसको टक करें। अब बालों के पूरे लेयर में या फिर बीच में कोई भी फ्लावर या ब्रॉड हेयर एक्सेसरीज लगा सकती हैं। आपकी आसान सी झटपट बना जाने वाली स्टाइलिश हाफ हेयर स्टाइल बनकर एकदम तैयार है।

कार्नर न्यूज

## उत्तरायण पर पहनने के लिए इन साड़ी डिजाइन को ट्राई करें

*मकर संक्रांति यानि उत्तरायण हर साल 14 जनवरी को पूरे देशभर में मनाया जाता है लेकिन इसका सबसे ज्यादा उत्साह गुजरात में देखने को मिलता है। वहां पर इस दिन खास पूजा की जाती है। साथ ही, पतंग उड़ाकर इस दिन को अच्छे से सेलिब्रेट किया जाता है। वहीं महिलाएं अच्छे-अच्छे कपड़ों को पहनकर तैयार होती हैं। अगर आप भी संक्रांति को अच्छे से सेलिब्रेट करना चाहते हैं, तो इसके लिए पटोला साड़ी को वियर करें। साड़ी में आपको कई सारे अलग-अलग डिजाइन ऑप्शन मिल जाएंगे। इसे वियर करके आपका लुक अच्छा लगेगा। इस बार उत्तरायण पर पहनने के लिए इन साड़ी डिजाइन को ट्राई करें। आप अच्छी लगेंगी। साथ ही, आप इस त्योहार का खुलकर मजा ले पाएंगी।*

## मकर संक्रांति पर सजना-संवरना सभी को होता है पसंद, पहनें पटोला साड़ी, आएंगी सबसे अलग नजर



### रेड ऐड क्रीम कलर साड़ी

आप उत्तरायण के मौके पर रेड ऐड क्रीम कलर की साड़ी को भी वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी भी पहनने के बाद अच्छी लगेगी। साड़ी में आपको बीच के हिस्से में क्रीम कलर मिलेगा। इसका बॉर्डर वर्क रेड कलर और पटोला प्रिंट में मिलेगा। इससे साड़ी और भी सुंदर नजर आएगी। वहीं साड़ी के साथ आपको ब्लाउज भी अच्छे प्रिंट वाले डिजाइन में मिलेगा। इससे आपका पूरा लुक ही अच्छा लगेगा।



### हैवी प्रिंट वाली साड़ी

आप हैवी प्रिंट वाली पटोला साड़ी को भी खरीदकर इस बार उत्तरायण में वियर कर सकती हैं। इससे आपका लुक ही अच्छा नजर आएगा। साथ ही, आप सबसे अलग दिखाई देंगी। इसके साथ ब्लाउज भी प्रिंटेड डिजाइन में मिलेगा। इसके अलावा इसके साथ स्टाइल करने वाली ज्वेलरी भी आपको सिंपल मिलेगी। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा।



### रेड ऐड ग्रीन कलर पटोला साड़ी

आप लुक को अट्रैक्टिव बनाने के लिए रेड ऐड ग्रीन कलर की पटोला साड़ी को वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी पहनने के बाद काफी अच्छी लगती है। साथ ही, इशमें लुक भी अट्रैक्टिव नजर आता है। इसमें आपको नीचे के हिस्से और पल्लू पर हैवी प्रिंट डिजाइन मिलेगा। वहीं आपको इसके साथ ब्लाउज प्रिंटेड मिलेगा। इसके साथ मेकअप लुक हैवी और ज्वेलरी डिजाइन को लाइट वियर करें। इससे आप अच्छी लगेंगी। इससे आपका पूरा लुक ही अच्छा नजर आएगा।